हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 18 जनवरी 2026



तापमान
अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 10.4 डिग्री


व्यापार विहार सड़क किनारे किया जा रहा रेत की अवैध डंपिंग

एजुकेशन भूमि


आज के अंक के साथ एजुकेशन भूमि विशेष अंक लेना न भूलें।

# ऑनलाइन डायवर्सन के आदेश जारी, गाइडलाइन का एक महीने बाद भी पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डायवर्सन की पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन होगी। इसके लिए शासन द्वारा एक महीने पूर्व आदेश भी जारी किया जा चुका है। इसके विपरीत ऑनलाइन डायवर्सन की प्रक्रिया कैसी होगी? इसके लिए आज एक महीने बाद भी गाईडलाइन जारी नहीं की जा सकी है। लिहाजा पिछले एक महीने से जमीन मालिक अपनी जमीनों का डायवर्सन कराने तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। इस दौरान डायवर्सन आदेश मिलना तो दूर, जमीन मालिकों से उनके डायवर्सन के आवेदन तक नहीं लिए जा रहे हैं।

प्रदेश में 13 दिसंबर को डायवर्सन की नई प्रक्रिया के संबंध में आदेश जारी किया गया था। इसके अनुसार डायवर्सन अब ऑनलाईन पद्धति से किया जाना था। शासन के मुताबिक नई प्रक्रिया में डायवर्सन की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया था। हैरत की बात यह है कि शासन द्वारा 13 दिसंबर को जारी आदेश के अंतर्गत ऑनलाइन डायवर्सन के लिए आज दिनांक तक गाईडलाईन जारी नहीं किया जा सका है। गाईडलाइन के अभाव में राजस्व अधिकारियों को ही ऑनलाइन डायवर्सन के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। वे खुद असमंजस की स्थिति में हैं। लिहाजा अपनी जमीन का डायवर्सन कराने के इच्छुक भूमि स्वामियों से तहसील कार्यालय में आवेदन तक स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं।

तहसील ऑफिस में पिछले एक महीने से लोग पहुंच तो रहे हैं, लेकिन बगैर आवेदन दिए ही उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। 13 जनवरी से पूर्व जिन भूमि स्वामियों के द्वारा डायवर्सन के मैनुअली आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, उनके आदेश लेनदेन करके आसानी से जारी हो रहे हैं। शासन द्वारा डायवर्सन की प्रक्रिया को ऑनलाईन कर इसके सरलीकरण की बात तो कही गई है, लेकिन सरलीकरण के चक्कर में लोगों को उल्टे परेशान होना पड़ रहा है।



अलग खबर

### पूरे प्रदेश में यही स्थिति

- डायवर्सन तो दूर, आवेदन तक जमा नहीं कर पा रहे लोग

### दर में होनी है बढ़ोतरी, लेकिन कितनी पता नहीं

डायवर्सन की नई प्रक्रिया के अंतर्गत डायवर्सन के शुल्क व कीमतों का पुनर्निर्धारण किया जाना है, जिससे कीमतों में बढ़ोतरी भी होनी है। इसके विपरीत दर में कितनी बढ़ोतरी करनी है इस बात की जानकारी किसी को नहीं है। कीमतों की स्पष्ट जानकारी नहीं होने के कारण डायवर्सन के आवेदन लेने के बाद आदेश तो वैसे भी नहीं दिया जा सकेगा, जिससे पेंडेंसी बढ़ती जाएगी।

### नहीं मिली गाइडलाइन

ऑनलाइन डायवर्सन की पूरी प्रक्रिया क्या रहेगी? इस संबंध में फिलहाल कोई स्पष्ट गाइडलाइन प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे में फिलहाल डायवर्सन के आवेदन भी स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। नई गाइडलाइन आने के बाद इसे समझते हुए भूमि स्वामियों को इसका लाभ दिया जा सकेगा।

**- मनीष साहू**, एसडीएम बिलासपुर

# रेलवे ठेकेदारों की मनमानी: वन भूमि पर कर दी अवैध खोदाई और काट दिए पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे ठेकेदारों ने बिना किसी की अनुमति लिए वन और शासकीय भूमि पर जमीन की अवैध खोदाई करने के साथ पेड़ों को भी काट दिया, जिसकी जानकारी के बावजूद वन विभाग और खनिज विभाग के साथ प्रशासन ने भी ठेकेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

बिलासपुर वन और रेल मंडल का खोंगसरा रेलवे स्टेशन बेलगहना तहसील में हैं। यहां रेल लाइन मेंटनेंस व अन्य कार्य रेलवे के ठेकेदार कर रहे हैं। ठेकेदारों ने करीब दो एकड़ शासकीय और वन भूमि पर अवैध रूप से खोदाई करते हुए हजारों ट्रक मिट्टी निकाल ली और खेतों पर लगे हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी। इतने बड़े पैमाने पर अवैध उत्त्खनन करने के मामले में खनिज विभाग के अफसरों ने केवल 8.50 लाख रुपए का जुर्माना कर मामला रफा दफा कर दिया, जबकि शासकीय और वन भूमि पर पेड़ों की कटाई मामले में विभागीय अफसरों ने किसी तरह का कोई एक्शन नहीं लिया। इसके अलावा कोटा क्षेत्र के टाटीधार में अरपा नदी पर बने पुल के एप्रोच रोड के लिए रोड ठेकेदार ने भी सड़क निर्माण के लिए किनारे लगे दो दर्जन पेड़ों को जड़ से उखाड़ ने अलावा 20 फी खोदाई मिट्टी की खोदाई की। ग्रामीणों का आरोप है कि रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन और हाइवा ट्रक से नदी किनारे से बड़े पैमाने पर रात दिन अवैध रेत निकाली जाती है, लेकिन विभाग केवल नोटिस देखकर खानापूर्ति करने के अलावा और कुछ नहीं करती।







### शासन को भेजा गया प्रतिवेदन

विभाग के पास पेड़ों की कटाई और अवैध उत्खनन की शिकायत पहुंची थी। मौके पर पहुंचकर सत्यापन किया गया, जो वन भूमि नहीं थी। शासकीय और निजी भूमि पर ठेकेदारों ने उक्त कार्य को किया है। इसके लिए शासन को प्रतिवेदन भेज दिया गया है।

**- अनिल भास्करन,** कोटा एसडीओ वन विभाग


राइस मिलर्स पर कार्रवाई करते प्रशासनिक अफसर।

- साढ़े चार हजार क्विंटल धान कम मिला, सिरगिट्टी की राइस मिल अमरनाथ एग्रो सील
- धान के री-सायकलिंग की आशंका पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

# अब तक 56 करोड़...

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धान के री-सायकलिंग की आशंका पर जिला प्रशासन की टीम ने सिरगिट्टी की एक और राइस मिल सील कर दी है। एसडीएम मनीष साहू के नेतृत्व में सिरगिट्टी के अमरनाथ एग्रो नामक राइस मिल में साढ़े चार हजार क्विंटल धान कम मिला। री-सायर्कीलिंग की आशंका पर टीम ने तत्काल प्रभाव से मिल को सील करते हुए सत्रह करोड़ का धान जब्त कर लिया है। प्रशासन द्वारा अलग-अलग चार मामलों में कार्रवाई कर अब तक राइस मिलों से 56 करोड़ का धान जब्त किया जा चुका है।

कस्टम मिलिंग से संबंधित कार्य में लापरवाही बरतने वाले राइस मिल संचालकों की एक-एक गतिविधयों पर न केवल जिला प्रशासन, बल्कि राज्य स्तर पर बनाई गई स्टेट कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की भी नजर है। इसी के अंतर्गत बिलासपुर एसडीएम मनीष साहू के नेतृत्व में प्रशासन की एक टीम सिरगिट्टी क्षेत्र में संचालित एवं कस्टम मिलिंग हेतु पंजीकृत राईस मिल अमरनाथ एग्रो प्रोडक्ट की आकस्मिक जाँच करने पहुंची।

राईस मिलर द्वारा वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष में उठाव किये गये धान का मिल परिसर में भौतिक सत्यापन कराया गया। मिलर द्वारा वर्तमान खरीफ वर्ष में कुल 1 लाख 46 हजार 650 बोरा (58 हजार 600 क्विंटल) धान का उठाव किया गया है, लेकिन, जाँच के दौरान मिल का भौतिक सत्यापन करने पर 1 लाख 35 हजार 207 बोरी (54 हजार 082.8 क्विंटल) धान ही उपलब्ध पाया गया। राईस मिलर द्वारा समिति से उठाव किये गये 11 हजार 443 बोरी (4 हजार 577.2 क्विंटल) धान मिल परिसर में उपलब्ध नहीं होना पाया गया।

शासन के नियमों के अनुसार इस मामले में मिल संचालक संजीत मित्तल का उपरोक्त कृत्य धान की री-सायकलिंग की आशंका पैदा करता है, जिसके मद्देनजर राइस मिल अमरनाथ एग्रो प्रोडक्ट को सील कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा लगातार चलाए गए अभियान के अंतर्गत पहले दिन कोटा की राइस मिल से साढ़े सात करोड़ का धान, तखतपुर की मिल से 6.86 करोड़ का धान, बिल्हा की मिल से 25.30 करोड़ का धान एवं अब सिरगिट्टी से 16.75 करोड़ का धान कुल 56 करोड़ का धान जब्त किया जा चुका है।

### साढ़े चार हजार क्विंटल धान कम मिला

सिरगिट्टी में संचालित अमरनाथ एग्रो प्रोडक्ट नामक राइस मिल की जांच के दौरान उठाव की तुलना में साढ़े चार हजार क्विंटल धान कम प्राप्त हुआ है। री-सायकलिंग की आशंका पर मिल को सील कर 16 करोड़ 75 लाख रूपए एवं पांच दिनों में अब तक 56 करोड़ का का धान जब्त किया जा चुका है।

**- अमृत कुजूर**
खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप

### मैकेनिकल जांच आज 60 स्कूलों को नोटिस

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत स्कूली बसों की जांच शिविर आयोजित की जा रही है। आरटीओ द्वारा मैकेनिकल जांच के लिए 60 स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है। 18 जनवरी रविवार को बहतराई स्थित बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र, इंडोर स्टेडियम में जांच की जाएगी। इस दौरान स्कूल बसों के साथ संचालक व चालक को वाहन से संबंधित टैक्स, फिटनेस, बीमा, परमिट, स्पीड गर्वनर प्रमाण पत्र, जीपीएस एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होने का आदेश जारी किया गया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत जांच शिविर आयोजित की जा रही है। इस दौरान बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए मैकेनिकल जांच किया जाएगा।

### डड़सेना कलार समाज का परिचय सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** डड़सेना कलार समाज विकास समिति का परिचय और पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन 18 जनवरी को जायसवाल पैलेस चांटीडीह में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। आयोजन समिति की शीला जायसवाल ने बताया कि हर साल की भांती इस वर्ष भी 18 जनवरी को डड़सना कलार समाज विकास समिति द्वारा लगातार 9 वें वर्ष युवक युवती परिचय सम्मेलन और पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया ज रहा है। इसके सफल बनाने लिए सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपा जा चुका है। इसमें बिलासपुर सहित अन्य जगहों से लोग शामिल होंगे।

### सिम्स: महिला ने गार्ड नर्स को मारा थप्पड़



**बिलासपुर।** सिम्स में उस समय बवाल मच गया जब गायनिक वार्ड में भर्ती महिला को डिस्चार्ज कराने उसकी मां पहुंच गई। महिला को जल्द से जल्द डिस्चार्ज टिकट दिलाने के लिए दबाव डालने लगी। इस दौरान स्टाफ नर्स ने उसे शांत रहने और सलीके से बात करने कहा जिससे महिला तमक गई और रोष में आकर नर्स को ही झापड़ मार दिया। मामला गायनिक विभाग का है। 17 जनवरी को वार्ड में इंटर्न डाक्टर और स्टाफ नर्स ड्यूटी दे रही थी। इस दौरान मरीज रोशनी पति चंद्रशेखर नायक के परिजनों के द्वारा रोशनी को डिस्चार्ज करने का दबाव बनाया जा रहा था। परिजनों के द्वारा इंटर्न डाक्टरों से बदत्तमीजी से बात की जा रही थी, जिसके विरोध स्टाफ नर्स के द्वारा किया गया। इस दौरान महिला परिजन गुस्से से आग बबुला हो उठी और स्टाफ नर्स को थप्पड़ रसीद कर दिया, बीच बचाव में आए गार्ड पर भी हाथ उठा दिया। जिसके बाद मामला गर्म हो गया और आनन-फानन में अधीक्षक डॉ लखन सिंह को इसकी जानकारी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधीक्षक ने एफआईआर कराने की बात कही है। वहीं आए दिन हो रही वाद-विवाद को देखते हुए वार्ड स्टाफ और नर्सिंग सिस्टरों के द्वारा सुरक्षा की मांग की गई है।

# लूट की नहीं लिखी गई एफआईआर अब होगी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पांच माह पूर्व ट्रक चालक से खलासी पर चाकू से हमला कर लूटपाट के मामले में कोनी पुलिस ने घोर लापरवाही बरतते हुए मामले में एफआईआर दर्ज नहीं किया गया था, जबिक घायल खलासी की बाद में मौत हो गई थी। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लापरवाही तत्कालीन थानेदार नाइट अफसर व पेट्रोलिंग पार्टी के खिलाफ सीएसपी को जांच कर प्रतिवेदन मांगा है।

17 अगस्त 2025 को कोरिया बैकूंठपुर निवासी राज सिंह खलासी अनूपपुर भालूमाड़ा पपारी निवासी पारसनाथ केंवट 52 साल के साथ अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री से गाड़ी सीमेंट लोडकर जा रहे थे। रात 4.30 बजे कोनी गतौरी के पास टायर फट जाने से खलासी नीचे में टायर बदल रहा था और वह केबिन में सो गए। अज्ञात बाइक सवार 3 लोग तलवार, चाकू से लैस होकर आए और खलासी से मारपीट कर चाकू से हमला कर चालक से मारपीट कर 11 हजार रुपए नकद, मोबाइल लूटकर भाग गए थे। इसी दौरान कोनी थाना के पेट्रोलिंग पार्टी आई और घायल चालक व खलासी को इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। प्राथमिक इलाज के बाद पुलिसकर्मी दोनों को थाने लेकर गए और बिना एफआईआर दर्ज किए रवाना कर दिया गया था। 23 अगस्त को घायल खलासी पारसनाथ केंवट की मौत हो गई थी। एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली सीएसपी गगन कुमार को तत्कालीन थानेदार, नाइट अफसर, पेट्रोलिंग पार्टी के खिलाफ गंभीर अपराध पर एफआई क्यों नहीं किया गया, जानकारी होने पर वरिष्ठ अफसरों को अवगत क्यों नहीं कराया गया के संबंध जांच कर प्रतिवेदन मांगा है।

### सीएसपी करेंगे जांच

ट्रक चालक व खलासी से मारपीट कर चाकू से हमला करने के मामले में कार्रवाई नहीं करने के मामले में कोतवाली सीएसपी गगन कुमार को तत्कालीन थानेदार, नाइट अफसर, पेट्रोलिंग पार्टी पर प्राथमिक जांच कर प्रतिवेदन मांगा गया। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**- रजनेश सिंह** एसएसपी

## रिपोर्ट लिखाने पर धमकाने वाले 3 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रिपोर्ट लिखाने पर पीड़िता व महिला गवाहों को धमकाने वाली युवती सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, 16 जनवरी को बिरकोना निवासी सुशीला चौहान के घर के सामने रह रही एक युवती के यहां कुछ संदिग्ध लड़के आए हुए थे। श्रीमती चौहान व पड़ोस की महिलाओं ने उसके घर के सामने जाकर पूछताछ की तो युवती ने आवेश में आकर उनसे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। पुलिस ने श्रीमती चौहान की रिपोर्ट पर युवती के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया था। 17 जनवरी को युवती व उसके साथी रितेश यादव पिता मनोज कुमार यादव 18 साल बैमा नगोई, संजय उर्फ सोनू मरावी पिता बरातुराम मरावी 19 साल आसाबंद बिरकोना निवासी रिपोर्ट लिखाने पर पीड़िता श्रीमती चौहान व महिला गवाहों से विवाद कर धमकाने लगे। सूचना पर पुलिस ने युवती व दोनों युवकों को बीएनएस की धारा 170, 126 एव 135, 3 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### पार्टी में दो भाइयों से जमकर मारपीट

पार्टी में दो भाईयों के साथ जमकर मारपीट कर दीग ई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, घुरू गोकूलनगर निवासी उपेन्द्र लहरे जमीन खरीदी बिक्री का काम करते हैं। 16 जनवरी की रात 1.30 बजे वे अल्का एवेन्यू रायल पार्क में पार्टी में गए थे। पाटी में राहुल महिलांगे,आशुतोष महिलांगे पुराने लेनदेने के विवाद में उनके बड़े भाई देवेन्द्र लहरे के साथ जमकर मारपीट कर चम्मच से हाथ पर हमलकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## शहर में 18 प्रदूषण जांच सेंटर, 10 मोबाइल वेन यूनिट, मशीनों के बजाए नंबर देख बन रहा है सर्टिफिकेट

# प्रदूषण सर्टिफिकेट के नाम पर कट रहा चालान, परिवहन विभाग रहता है बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदूषण सर्टिफिकेट के नाम पर धड़ाधड़ चालान कट रहे हैं, लेकिन परिवहन विभाग ने ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की है, जिससे लोगों को सर्टिफिकेट की वैलिडिटी खत्म होने की जानकारी मिले सके। ऐसे में वाहन मालिकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि शहर में 28 जगहों पर प्रदूषण सर्टिफिकेट बनाए जा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर जगहों पर महज गाड़ी का नंबर देख सर्टिफकेट दे दिया जा रहा है, जिससे इसके औचित्य पर ही सवाल उठने लगे हैं।

परिवहन विभाग का चालान लोगों के होश उड़ा रहा है, शहर से बाहर निकलते ही परिवहन विभाग द्वारा लगाए गए कैमरे की जद में आते ही वाहनों के चालान जारी हो रहे हैं। इसमें ज्यादातर मामलों में महज पीयूसी सर्टिफिकेट एक्सपायर होने पर भी 2000 का चालान आ रहा है। खास बात यह है कि जिस विभाग द्वारा चालान काटा जा रहा है, वह लोगों को वैलिडिटी खत्म होने का मैसेज तक नहीं दे रहा हैं, भूलवश पीयूसी सर्टिफिकेट नहीं लेने पर लोगों की जेब खाली हो जा रही है। लोगों का कहना है कि नेहरू चौक और बसस्टैंड में मोबाइल वेन के सहारे पीयूसी सर्टिफिकेट बनाए जा रहे हैं, जबकि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शहर में 28 जगहों पर पीयूसी सर्टिफिकेट लिया जा सकता है, जिसमें 18 स्थाई दुकानें और 10मोबाइल वेन शामिल है लेकिन विभाग कभी भी इन दुकानों को लेकर प्रचार-प्रसार नहीं करता है जिसके चलते लोगों को महज दो जगहों की जानकारी मिल पा रही है।



बस स्टैण्ड चौराहे पर वाहनों की जांच कराते चालक।

### फोटो से मिल रहा सर्टिफिकेट

पीयूसी सर्टिफिकेट देने के लिए लिए संचालकों ने भर्राशाही मचा दी है। मोबाइल पर गाड़ी की फोटो देख पहले गाड़ी क्रमांक का पता लगाया जाता है और मिनटों में 6 माह और साल भर का सर्टिफिकेट वाहन चालक को थमा दिया जाता है। जबकि गाड़ियों के स्मोक के आधार पर पीयूसी सर्टिफिकेट जारी करना अनिवार्य है। बताया जा रहा है कि बीएस 6 इंजन की गाड़ियों का ही 1 साल का सर्टिफिकेट जारी किया जा रहा है और बाकी गाड़ियों को महज 6 माह का सर्टिफिकेट दिया जाता है।

### जल्द होंगी स्थाई दुकानें

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब मोबाइल वेन के जरिए सड़क पर खड़े होकर पीयूसी जांच कराना बंद होगा। विभाग ने आदेश जारी करते हुए ऐसे मोबाइल वेन संचालक को जल्द ही स्थाई दुकानें खोलने का पत्र जारी कर दिया है। विभाग के अधिकारी भी संचालकों से संपर्क कर जल्द से जल्द दुकान खोलने का आदेश दे दिया है।

### साफ्टवेयर में होगा बदलाव

विभाग के आदेश के अनुसार जल्द ही मोबाइल वेन पर पीयूसी सर्टिफिकेट बनाना बंद होगा, इन्हें स्थाई दुकानों में शिफ्ट किया जा रहा है। सिस्टम में अपलोड़ जानकारी के अनुसार ही चालान कटते है, पीयूसी खत्म हो चुका होता है तभी चालान काटा जाता है। इसके साथ ही साफ्टवेयर में कई बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे हो रही भर्राशाही बंद होगी।

**- आसीम माथूर**
आरटीओ
परिवहन विभाग


अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ...
भव्य शुभारंभ
BR MEMORIAL HOSPITAL
AAROGYA SETU
We Care For You
BR MEMORIAL HOSPITAL
OF SHREE JAGANNATH INSTITUTE
(A CENTER OF CARE & COMPASSION)
A MULTISPECIALITY HOSPITAL IN BILASPUR
SUNDAY 18 JANUARY 2026
अशोक नगर चौक, चांटीडीह रोड, सरकंडा, बिलासपुर
24/7 Emergency Services
BR MEMORIAL HOSPITAL OF SHREE JAGANNATH INSTITUTE
डॉ. शंभूनाथ अग्रवाल
D.N.B. सर्जरी
सीनियर लेप्रोस्कोपिक/जनरल सर्जन
7999180254, 9899495891

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 18 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यशाला

## चयनित श्रेष्ठ चित्रों को लगाया जाएगा विधानसभा परिसर में



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय अखिल भारतीय चित्रकला कार्यशाला "राष्ट्र रंग संघ साधना के 100 बछर" का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने चयनित श्रेष्ठ चित्रों को विधानसभा परिसर में लगाने की घोषणा की। कार्यशाला का शुभारंभ सरोना स्थित ठा. विघ्नहरण सिंह राजपूत भवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के करकमलों से हुआ। उन्होंने कैनवास पर "वंदे मातरम" अंकित कर संघ के शताब्दी वर्ष पर बनने वाले 101 चित्रों की श्रृंखला का शुभारंभ किया। देश के 8 राज्यों से आए 80 चयनित चित्रकारों ने तीन दिनों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षों की वैचारिक, सामाजिक व सांस्कृतिक साधना तथा राष्ट्र निर्माण की यात्रा को रंग, रेखा और कल्पना के माध्यम से सजीव किया। साथ ही छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष चित्र प्रदर्शनी में राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा, संस्कृति और सामाजिक चेतना का प्रभावशाली चित्रण प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन महान चित्रकार राजा रवि वर्मा के जीवन, संघर्ष, कला-दर्शन और स्त्री को देवी रूप में देखने की उनकी दृष्टि पर आधारित सशक्त नाट्य का मंचन डॉ. आनंद पांडेय के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम

## जागो तो एक बार हिन्दू जागो.. पर नृत्य कर हिन्दू एकता का दिया संदेश



**बिलासपुर।** रामा लाईफ में विशाल हिंदू सम्मेलन मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपमा सिंह, मुख्य वक्ता कौशलेन्द्र, अध्यक्ष चैन सिंह विंध्यराज, माधव मिश्रा, राम चंद्र दुबे,क्षमा सिंह,नागेन्द्र शर्मा, आरएस विंध्यराज, देवव्रत कर,ममता कर, सुरेश अग्रवाल रहे। अटल अवास की बालिकाओं द्वारा सुवा नृत्य का मनोहारि प्रदर्शन किया गया, रूबि श्रीवास्तव के टीम द्वारा जागो तो एक बार हिन्दू जागो तो पर नृत्य कर हिन्दू एकता का संदेश दिया गया। दीपा पीपरहा की टीम द्वारा गीतापाठ एवं धर्मान्तरण पर नाटक प्रस्तुत किया गया। रामालाईफ बस्ती की मातृ शक्ति द्वारा सामूहिक देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया, बांसुरी व गीटार द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि उपमा सिंह ने मातृ शक्ति को एकजुट होकर राष्ट्र और सनातन धर्म को मजबूत करने का अह्वान किया। अध्यक्ष चैन सिंह विंध्यराज ने युवाओं को एकसूत्र में बंध कर धर्मान्तरण के विरूद्ध एवं धर्म रक्षा के लिए एकजुट होने का अह्वान किया। मुख्य वक्ता कौशलेन्द्र ने हिन्दूओं को राष्ट्रहित में स्वयं में पंच परिवर्तन जिसमें सामाजिक समरसता,पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध को समाहित करने का आग्रह किया एवं सभी का महत्व राष्ट्र निर्माण में सभी की उपयोगिता को समझाया।

धर्म-क्षेत्र

## आत्म शांति के लिए भक्ति का मार्ग सबसे अच्छा : शुक्ला



**बिलासपुर।** फारेस्ट कालोनी न्यू स्मार्ट सिटी रोड किशोरी राधा रानी समिति के तत्वावधान में 9 जनवरी से प्रारंभ श्री रामा कथा में इन दिनों भक्तों की काफी भीड़ लगी है। लोग माता के दरबार में आशीर्वाद लेने दोपहर से देर रात तक प्रभु की भक्ति संगीत में झूमते नजर आ रहे हैं। व्यासपीठ पर विराजमान भागवताचार्य अमर कृष्ण शुक्ला की मधुर वाणी से प्रभु की लीलाओं का बखान सुनकर श्रद्धालु अपने अपने को धन्य मान रहे हैं। घर का काम काज छोड़कर प्रभु की भक्ति में महिला- पुरुष और युवक युवतियां सुबह से तैयारी में लग जाती हैं। भागवताचार्य अमर कृष्ण शुक्ला ने 17 जनवरी को आयोजित हनुमान मिलन, सुंदर कांड, लंगा विजय और राज्याभिषेक की कथा सुनाई। आचार्य श्री ने केंवट प्रसंग सुनाकर भक्तों का मार्गदर्शन किया। किस तरह केंवट ने अपनी गंगा पार कराने के पहले भगवान राम के चरणों को धोया, उनका साथ दिया। उन्होंने बताया कि भगवान राम को सीता की खोज के लिए काफी विशाल सेना की जरूरत थीं। तभी हनुमान का साथ उन्हें मिला। उन्होंने अपनी वानर सेना की मदद से लंका पर चढ़ाई कर दी। लंका पर भगवान श्री राम ने विजय श्री प्राप्त कर माता सीता को रावण की कैद से मुक्ति दिलाई। आयोजन में समिति के सदस्य हेमंत बघेल, सतीश शर्मा, दिनेश मिश्रा, रानी, गोलू, गोपी, सूरज, प्रसेन्न सिंह ठाकुर, मंजू, रानी मिश्रा, किरण केवट आदि का सहयोग रहा।

# राम मंत्रों का समूह है संपूर्ण रामचरित मानस में : संत कौशल

संपूर्ण रामचरित मानस में राम मंत्रों का समूह है। हर चौपाई में राम मंत्र है। इसका उच्चारण व श्रवण कर इसे आचरण में उतारने का प्रयास करें। धन-लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश भगवान अपने हाथ में रखे हैं। किसी भी शुभ-अशुभ कर्म का फल भोगना पड़ता है। यह किसी पूजा पाठ से कटता नहीं है।





■ लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में चल रही राम कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें श्रीराम कथा आयोजन समिति बिलासपुर द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में शनिवार को कथावाचक संत प्रवर विजय कौशल महराज ने भगवान राम के चित्रकूट पहुंचने एवं राम के वन जाने के बाद अयोध्या में उत्पन्न स्थिति की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही।

उन्होंने बताया कि भगवान राम चित्रकूट पहुंच चुके थे। इधर अयोध्या में राम के जाने के बाद किसी के घर दीपक नहीं जला। पूरी अयोध्या सुनी-सुनी लग रही थी। माता कौशिल्या के भवन में राजा दशरथ पड़े रहे। सुमंत्र ने जब उन्हें प्रणाम किया तो वे राम, जानकी, लखन को पूछने लगे। जैसे ही सुने कि राम वन चले गए खंभे में सिर मारने लगे और प्राण त्याग दिए। उन्होंने बताया कि राजा दशरथ को श्रवण कुमार के नेत्रहीन माता-पिता का श्राप था कि जिस तरह वे अपने पुत्र वियोग में तड़प रहे हैं, वैसे ही एक दिन उन्हें भी पुत्र वियोग में अपने प्राण त्यागने होंगे। बाद में राम के वनवास एवं उनके वियोग के रूप में सत्य हुआ। इस मौके पर आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक नगर विधायक अमर अग्रवाल, शशि अग्रवाल, अनिल खण्डेलवाल, संजय दुबे, गुलशन ऋषि, गोपाल शर्मा, युगल शर्मा, अजीत भोगल, राजा, मनोज, शोभा, राहुल कश्यप, ओमप्रकाश, चुन्नी, श्रुति मौर्य, वंदना भारत, अन्नू सहित अनेक समाज के लोग, श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

### कर्म नहीं कटता पूजा पाठ से

कथा व्यास ने बताया कि भरत बैठे रो रहे थे। पूरे सदन में भरत को समझाया जाने लगा कि वे अभी राज पाठ संभाल लें। फिर रामजी के लौट कर आने पर उन्हें सौंप दें। माता कौशिल्या भी गुरूजी के आदेश को स्वीकार करने भरत को कहा। भरत ने कहा कि जब तक प्रभु का दर्शन न हो जाए तब तक हृदय की जलन शांत नहीं होगी। उनकी बात सुनकर प्रजा उनकी जय-जयकार करने लगे। भगवत दर्शन के लिए सरयू किनारे से यात्रा गीत-भरत चले चित्रकूट हो रामा राम को मनाने..की धुन के बीच शुरू हुई। पैदल चल रहे भरत को माता कौशिल्या ने वाहन में बैठने कहा। फिर सभी संगम के किनारे पहुंच गए। वहां भरत मिलाप हुआ।

### राम से मिलवाने दिया वचन

कथा व्यास ने बताया कि माता कौशिल्या द्वारा प्राण त्यागने की बात पर भरत ने कहा कि वे चित्रकूट जाकर प्रभु राम से उन्हें मिलवाएंगे। इसके बाद माता कौशिल्या ने प्राण त्यागने के निर्णय को बदल दी। वेद मंत्रों के साथ राजा दशरथ को भरत ने मुखाग्नि दी। सभी लोग सरयू नदी में स्नान किए। गुरु वशिष्ठ भरत के कंधे पर हाथ रख कर कहा कि वे किसी को दोष न दें।

### भरत लौटे ननिहाल से

कथा वाचक ने बताया कि राम के वन जाने के बाद वर्षों ननिहाल में रहे भरत का ननिहाल में मन नहीं लगा और चीख कर उठ गए। उन्हें लग रहा था अयोध्या में भीषण दुर्घटना घट गई है। भरत रथ में बैठे घबरा रहे थे। जैसे ही वे अयोध्या में प्रवेश किए उसे कोई दिखाई नहीं दिया। महल पहुंचने पर माता कैकेयी उन्हें समझाने लगी कि जो हुआ एक प्रारब्ध था। अब राज्य को प्रसन्नता से स्वीकार करो। भरत ने रोते हुए कहा कि कैसे स्वीकार कर लूं। मेरे कारण प्रभु वन चले गए। पिताजी प्राण त्याग दिए। इतना कह कर ऊपर बैठे भरत नीचे गिर पड़े। पूछने लगे पिताजी को क्या हो गया था। माता कैकेयी ने अपने द्वारा मांगे दो वरदान के बारे में बताया और कहा कि दूसरे वरदान को महराज सहन नहीं कर पाए। इतना सुनते ही भरत ने कहा कि वह मेरी मां नहीं हो सकती है। कथावाचक ने बताया कि कैकेयी जब तक जीवित रही तब तक भरत ने उसे मां कहकर संबोधित नहीं किया। जब तक बच्चे नहीं होते मां अधूरी मानी जाती है। माता कौशिल्या ने भी भरत को समझाया कि किसी को दोष न दें। अभी समय बुरा चल रहा है। वशिष्ठजी ने भी भरत को समझाया कि अब अयोध्या को शांति की ओर अग्रसर करें।

### कसौधन समाज ने किया प्रसाद वितरण

कसौधन वैश्य गुप्ता समाज नगर इकाई द्वारा श्रीराम कथा में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर वसंत गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, रामायण गुप्ता, जागेश्वर गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, सतीश गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, विनोद गुप्ता, शिव प्रसाद सॉव, राजीव गुप्ता, आशीष गुप्ता, मनोहर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद थे।



# घर-ऑफिस में पॉजिटिव एनर्जी के लिए फ्रेमवर्क आर्ट का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वास्तु के अनुसार घर-ऑफिस और बेडरूम को सजाने के लिए फ्रेम, सीनरी और फ्लॉवर पॉट का चुनाव दिशा तथा ऊर्जा के संतुलन के लिए किया जाने लगा है। ज्योतिषाचार्य देवेन्द्र पांडेय ने बताया कि जिस तरह उत्तर और पूर्व में शुभ पौधे और सीनरी लगा सकते हैं।

बेडरूम में शांति दायक रंग और दक्षिण-पश्चिम में परिवार की तस्वीरें लगाएं। मुरझाए फूलों और नुकीली कला कृतियों को सजाने से बचें, ताकि सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि बनी रहे। इन्होंने बताया कि पहले लोग सामान्य तौर पर सिर्फ भगवान की फ्रेमिंग तस्वीरों को सजाते थे। सीनरी के नाम पर सिर्फ कबूतर, दिल, गांव के दृश्यों सहित फिल्मी सितारों को पसंद के अनुरुप सजाने थे। अब लोग ज्योतिषाचार्यों से सलाह लेने के बाद निर्माण शुरू करते हैं। घर-ऑफिस का निर्माण पूरा होने पर वास्तु के अनुरुप ही साज-सज्जा को तवज्जों देते हैं। आधुनिक जीवनशैली और भागदौड़ भरे जीवन में लोग पॉजिटिव एनर्जी के लिए वास्तु के अनुरूप ज्यादातर फ्रेमवर्क सीनरी सजाने लगे हैं। ऑफिस और संस्थानों में दौड़ते हुए सात श्वेत घोड़े, उगता हुआ सूरज और वॉटरफॉल को भी सजाने में रुचि ले रहे हैं। इससे शहर में फोटो फ्रेमिंग के हुनरमंदों की डिमांड कायम है। समय के साथ आकर्षक फ्रेमवर्क सीनरी में प्रिंटेड मनोहारी दृश्यों को लेकर आध्यात्म की ओर भी लोगों का रुझान बढ़ा है। अब सिर्फ तीज-त्योहार में ही नहीं, बल्कि सामान्य सीजन में भी सीनरी वर्क की डिमांड कायम है।' ज्यादातर लोग राम दरबार, राधा और कृष्ण, शिव परिवार की फ्रेमिंग एलईडी को खरीदना पसंद करते हैं। सीनरी वर्क में प्राकृतिक छटा से सजे आकर्षक दृश्य दीवार पर सजाने के लिए लेते हैं।

■ दौड़ते सात श्वेत अश्व, उगता सूरज और वॉटरफॉल लोगों को भा रही फ्रेमवर्क



### घरो में सीनरी लगाने के पहले रखें ध्यान

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि फूलों के गमलों से सजी पेंटिंग को बेडरूम के उत्तर या पूर्व दिशा में रखें। सूखे या मुरझाए फूलों के दृश्य दीवार पर सजाने से बचें। सीनरी और पेटिंग में पानी से जुड़ी सीनरी (जैसे झरने) उत्तर या पूर्व की दीवार पर लगा सकते हैं। जबकि प्रकृति-संबंधी कला कृतियों को कमरे के दक्षिण-पश्चिम में लगाएं। ऑफिस में फ्लावर पॉट मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, पीस लिली जैसे पौधे की आकर्षक फ्रेमवर्क सीवरी को उत्तर या पूर्व दिशा में लगाला चाहिए। इसी तरह बेडरूम में फ्रेमिंग सीनरी में बुद्ध की पेंटिंग, नीले और गुलाबी रंगों से सजे दृश्यों को स्थान देना चाहिए।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन शोध और नवाचार पर गहन विमर्श

**बिलासपुर।** भारतीय ज्ञान प्रणाली: विकसित भारत 2047" विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2026 का सफल आयोजन किया गया। यह सम्मेलन सांदीपनी एकेडमी तथा शासकीय पातालेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मस्तूरी का संयुक्त प्रथम प्रयास था, जो शनिवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय, के कुलसचिव डॉ तारनीश गौतम उपस्थित रहे। प्रथम की-नोट स्पीकर के रूप में फ्रांस से प्रो रामेश्वर दुबे तथा द्वितीय की-नोट स्पीकर के रूप में डॉ दिवाकर सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर एवं डायरेक्टर, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल, क्राइस्ट कॉलेज, भोपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ज्योति वर्मा ने की।



स्वागत भाषण पातालेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय मस्तूरी की प्राचार्य डॉ दुर्गा बाजपेई द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ. रीता सिंह द्वारा रचित तीन पुस्तकों का विमोचन हुआ। साथ ही एनएसएस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु सांदीपनी एकेडमी के दो विद्यार्थियों एवं एनएसएस अधिकारी संगीता साहू को विश्वविद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ तारनीश गौतम ने अपने आशीर्वचन में वेदों को मानव सभ्यता की जड़ बताते हुए भारतीय जीवन मूल्यों एवं धर्मपरक जीवन शैली को अपनाने पर बल दिया। प्रथम वक्ता प्रो. रामेश्वर दुबे ने भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोचनात्मक परिप्रेक्ष्य पर सारगर्भित व्याख्यान दिया एवं प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का सरल उदाहरणों द्वारा समाधान किया।

नवोदित युवा सशक्त भारत की नींव, सशक्त नागरिक सशक्त भारत विषय पर व्याख्यान

# युवाओं ने लिया सशक्त भारत के लिए अपने कर्तव्य पालन का संकल्प



कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विमर्श भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के तत्वावधान में आज लखीराम सभागार में सशक्त नागरिक सशक्त भारत विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

इसके मुख्य अतिथि भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी थे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिम्स के डा. रमणेश मूर्ति ने की। मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ के सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नारायण नामदेव थे। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया गया। अतिथियों ने सशक्त भारत के लक्ष्य की पूर्ति करने नागरिकों की सहभागिता के संबंध में उनके कर्तव्यो के बारे में इतिहास से लेकर वर्तमान समय काल तक का वर्णन किया। अतिथियों ने नवोदित युवाओं की ओर संकेत कर उन्हें सशक्त भारत की नींव बताते हुए कार्यक्रम आयोजक विमर्श भारती मंच की सफलता बताते हुए बधाई दी।

साथ ही अतिथियों द्वारा मंच से सशक्त भारत के लिए सशक्त नागरिक बनते हुए अपने कर्तव्य पालन का संकल्प दिलाया गया। विदित हो कि विमर्श भारती छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा माह सितंबर 2025 में नागरिक उत्थान में महिलाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया था।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में ओम कश्यप, डॉ सुषमा पांड्या, पूनम सिंह, विपुल अग्रवाल, पूरब गुप्ता, शोर्य तिवारी, अभिषेक अग्रवाल, निखिल सोनी, जितेंद्र श्रीवास्तव, आरती कश्यप, लिली सिंह ठाकुर, ज्योत्सना मिश्रा, निशा साहू, डॉक्टर शीला शर्मा, दीप्ति चटर्जी, सुशील पटेल, अजय कुमार सूर्यवंशी, डॉ नवनीत कौशिक, विष्णु कौशिक, शरद कश्यप, भूमि बघेल, प्रशांत तिवारी,अजिंक्य जोशी, शिवम तिवारी, अमित चाकी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पूर्व वंदे मातरम गायन पश्चात, विश्वविद्यालय विद्यार्थी, चिकित्सकीय संस्थान विद्यार्थी,नामदेव समाज समूह, विधि क्षेत्र समूह, सामाजिक महिला समूह, विवेकंदन शिक्षण संस्थान समूह, महिला महाविद्यालय समूह का अतिथियों के साथ समूह चित्रण किया गया।

प्रो. संजय द्विवेदी का प्रेस क्लब ने किया सम्मान

# डिजिटल युग में भी प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया पर भरोसा



बिलासपुर प्रेस क्लब के सम्मानित वरिष्ठ सदस्य एवं भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी शनिवार को बिलासपुर प्रवास पर प्रेस क्लब पहुंचे। इस अवसर पर प्रेस क्लब की ओर से उनका आत्मीय सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रो. संजय द्विवेदी ने पत्रकारों से भेंट कर पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बिलासपुर में अपने पत्रकारिता काल के कई स्मरणीय अनुभव साझा किए और डिजिटल मीडिया की भूमिका व चुनौतियों पर विस्तार से विचार रखे। प्रो. संजय द्विवेदी ने आगे कहा कि वर्तमान समय में खबरों की पहुंच बेहद आसान हो गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से सूचनाएं कुछ ही पलों में जन-जन तक पहुंच रही हैं, लेकिन इसके बावजूद आज भी आमजन का भरोसा प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले मीडिया में एकाधिकार की स्थिति थी, जो अब समाप्त हो चुकी है। युवा पत्रकारिता पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया के माध्यम से कम उम्र में ही कई सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर विभिन्न विषयों पर काम कर करोड़ों लोगों तक अपनी पहुंच बना चुके हैं। सोशल मीडिया ने युवाओं को एक खुला मंच दिया है, जहां वे अपनी प्रतिभा के दम पर पहचान बना सकते हैं। यह भी रेखांकित किया कि वर्तमान दौर में पत्रकारों के लिए किसी एक विषय में स्पेशलाइजेशन बेहद जरूरी हो गया है, यही समय की मांग है।

इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष अजित मिश्रा, उपाध्यक्ष विजयक्रांति तिवारी, सचिव संदीप करिहार, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गहवई, कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव, वरिष्ठ पत्रकार निर्मल माणिक, दिलीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में साथी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आज मनेगा सदानन्द समाधि दिवस

**बेलगहना।** ब्रह्मलीन सदानन्द महाराज महासमाधि दिवस 18 जनवरी को मनाया जाएगा। इस मौके पर देश भर से उनके अनुयायी एवं भक्तों का आगमन होगा। पूजा-पाठ एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। उक्त जानकारी आश्रम के सदस्य राजेश गुप्ता ने है।

### खुशबू बनी बेमेतरा जिला प्रभारी



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की ओर से युवा कांग्रेस की प्रदेश महासचिव खुशबू वैष्णव को युकां बेमेतरा जिले का प्रभारी बनाया गया है। नियुक्ति के पश्चात खुशबू वैष्णव ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। खुशबू ने कहा कि, जिस तरह प्रदेश नेतृत्व ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, मैं बड़ी ईमानदारी से संगठन को मजबूत करने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगी।

### घुठेरा में अखंड नवधा रामायण प्रारंभ

**मुंगेली।** ग्राम नवागांव घुठेरा में अखंड नवधा रामायण का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत 14 जनवरी बुधवार से हो चुकी है। 22 जनवरी गुरुवार को पावन जलयात्रा का आयोजन किया जाएगा एवं 23 जनवरी को यज्ञ, पूर्णाहुति एवं सहस्त्रधारा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। इस पावन आयोजन में कथा वाचन आचार्य पं शत्रुघ्न प्रसाद मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान उषराम, मोती साहू, अजाम साहू एवं श्रीमती नीलम बाई साहू है। गांव के सरपंच नारायण साहू ने बताया कि यह अखंड नवधा रामायण का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार, आपसी भाईचारे एवं सद्भावना को मजबूत करना है।

### नवोदय चयन परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

**मुंगेली।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु पार्श्व चयन परीक्षा 7 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में प्रवेश पत्र जारी किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 9वीं के लिए 226 और कक्षा 11वीं के लिए 210 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं के विद्यार्थी वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन नंबर व जन्मतिथि अंकित कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### 17 दुकानों पर कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई

**तखतपुर।** सार्वजनिक स्थानों एवं विद्यालय के आसपास 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री करने वाली दुकानों की जांच की गई एवं नियम के विरूद्ध पाए जाने पर 17 दुकानों पर चलानी कार्रवाई की गई। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम की ओ्र से शुक्रवार को कोटपा अधिनियम 4, 5, 6 एवं 7 के तहत सार्वजनिक स्थानों एवं विद्यालय के 100 मीटर के दायरे में संचालित दुकानों की जांच की गई, जिसमें तम्बाकू उत्पादों की बिक्री के संबंध में जांच की गई। इस दौरान 17 प्रतिष्ठानों द्वारा नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही तथा भविष्य के लिए चेतावनी दी गई कि। टीम का गठन एसडीएम नितिन तिवारी एवं बीएमओ डॉ उमेश कुमार साहू ने किया।

## निधन

### भगवान सिंह ठाकुर



**बिलासपुर।** विवेकानंद नगर मोपका निवासी भगवान सिंह ठाकुर का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 18 जनवरी को उनके निवास मोपका से तोरवा मुक्तिधाम के लिए सुबह 10 बजे निकलेगी। वे बजरंग सिंह (बॉबी) एवं लालू सिंह के पिता थे।

### संध्या सोनी



**लोरमी।** जूना बिलासपुर किला वार्ड निवासी रविश सोनी की पत्नी संध्या सोनी का 50 वर्ष की आयु में शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मधुबन में किया गया। वे श्रुति, श्रेया सोनी की माता थीं।

## बेलतरा क्षेत्र विकसित भारत 2047 की दिशा में निरंतर अग्रसर: सुशांत

# बेलतरा महोत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और विकास का सशक्त प्रतीक: जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संस्कृति, परंपरा और जनभागीदारी के उत्सव बेलतरा महोत्सव में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। ग्राम पंचायत कड़री के ऐतिहासिक नगपुरा मैदान में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है। संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव के दूसरे दिन भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा।

> ■ अनुराग शर्मा एवं शहनाज अख्तर की प्रस्तुतियों ने बांधा समा

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बेलतरा महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की भावनाओं, आस्था और विकास यात्रा का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रतनपुर, जो कभी छत्तीसगढ़ की राजधानी रहा है, उसके आसपास का बेलतरा क्षेत्र तेजी से प्रगति कर रहा है और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में सशक्त कदम बढ़ा चुका है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके साथ ही संभागायुक्त सुनील जैन, आईजी संजीव शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, शंकर दयाल शुक्ला, मोहित जायसवाल, सरपंच गंगा प्रसाद साहू तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध

सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकार अनुराग शर्मा के भजनों एवं प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर के गीतों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रस्तुतियों के दौरान लोग झूमते नजर आए और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उपस्थित जनसमूह ने भरपूर आनंद लिया।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में तेज गति से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से प्रदेश की माताएं-बहनें सशक्त हुई हैं।

किसान अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर रहे हैं तथा युवाओं के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने भविष्य में बेलतरा महोत्सव को और अधिक भव्य स्वरूप देने की दिशा में प्रयास किए जाने की बात भी कही। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बेलतरा महोत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता और विकास के संकल्प को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के साथ बेलतरा क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और आने वाले समय में यह क्षेत्र विकास की नई पहचान स्थापित करेगा।



## नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों ने कोटा विधायक अटल से मुलाकात की

**बिलासपुर।** संगठन सृजन अभियान के तहत नवनियुक्त कोटा विधानसभा क्षेत्र के बिलासपुर जिले के ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल रतनपुर अरुण त्रिवेदी कोटा अश्वनी उद्देश्य बेलगहना ने मां महामाया के दर्शन कर बिलासपुर पहुंचकर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया में तीनों अध्यक्षों के साथ ब्लॉक के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल रहे।

> ■ बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने दिया संदेश

विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री के साथ आप सभी मिलकर कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का काम करें। साथ ही 2 साल की सरकार के खिलाफ जन विरोधी नीतियों को लेकर आंदोलन होंगे वह जनता तक पहुंचे कांग्रेस की बात जन-जन तक पहुंचे यही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शिवदत्त पांडे आनंद जायसवाल कन्हैया गंधर्व रतनपुर के शीतल जायसवाल पार्षद पुष्प कांत कश्यप मदन कहर कोटा से जयराज दीक्षित संजू चौहान बाबा सोनी बसंत यादव मनोज कुर्रे चोला राम नायक परमेश्वर मिरी बेलगहना से अश्वनी कुमार दरिया धनीराम प्रजापति देव लाल पोर्ट धर्मराज पुरी के श्रीपाल पर विधि सिदार हरिश्चंद्र यादव लखन सिंह देव सिंह मरावी पवन सिंह मरावी चितरंजन शर्मा उपेंद्र शर्मा मनमोहन दास जयकरण दास ईश्वर सिंह एक राय आदि उपस्थित थे।

## लहरिया के प्रयास से मस्तूरी को मिली सिंचाई योजना की सौगात



**बिलासपुर।** विकासखण्ड मस्तूरी के किसानों के लिए एक बड़ी और राहत भरी उपलब्धि सामने आई है। क्षेत्र के कृषि विकास को नई दिशा देते हुए विधायक दिलीप लहरिया के प्रयास से पाराघाट माइनर, भिलाई माइनर क्रमांक-1 एवं पाराघाट शाखा नहर के पक्कीकरण एवं नहर लाईनिंग कार्य हेतु राज्य शासन द्वारा 322.69 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

परियोजना के पूर्ण होने के उपरांत स्वीकृत 1240 हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र में पूर्व में रही 120 हेक्टेयर की कमी की पूर्ति करते हुए मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाराघाट, खुड़ूभाठा, भनेसर, भिलाई, किसान परसदा के किसानों को सुनिश्चित सिंचाई सुविधा हेतु लाभान्वित होंगे। नहरों की जर्जर स्थिति के कारण लंबे समय से किसानों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। विगत दिनों मस्तूरी विधायक के जनसंपर्क के दौरान समस्त स्थानीय किसानों ने मांग रखा था, जिसे विधायक ने संज्ञान में लेकर नहर के पक्कीकरण एवं लाइनिंग कार्य को स्वीकृति प्रदान कराया गया। अब नहरों के पक्कीकरण एवं लाईनिंग कार्य से जल अपव्यय पर रोक लगेगी, जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों को समय पर पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसका सीधा लाभ फसल उत्पादन में वृद्धि, खेती की लागत में कमी और किसानों की आय बढ़ने के रूप में सामने आएगा।

## जैतखाम स्थल पर आगजनी, अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज

**लोरमी।** ग्राम झझपुरी में उपद्रवी तत्वों द्वारा जैतखाम स्थल पर आगजनी की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है। घटनास्थल पर फॉरेन्सिक एक्सपर्ट की मदद से सेंपल लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झझपुरी के मुख्य चौक स्थित श्वेत खाम स्थल पर तड़के सुबह अज्ञात तत्वों ने आगजनी की कोशिश की।

मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गया है। शिकायत पर बाद तत्काल पुलिस एवं जिला प्रशासन हरकत में आया एवं पुलिस एवं तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी घटना स्थल पर तस्दीक करने पहुंचे। पुलिस ने तत्काल फॉरेन्सिक एक्सपर्ट की सहायता से जले अवशेष सहित अन्य साक्ष्यों को एकत्रित कर लेब भेज दिया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल के दोनों तरफ बेरिटेड लगाकर जगह को सुरक्षित किया है। प्रशासन ने सीसीटीवी लगाकर गांव में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कर दिया है। मामले में पुलिस ने 298,326 बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है।




### चल रही है जांच

झझपुरी मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना में जुट गई है, प्रशासन अपने स्तर पर भी जांच कर रही है। लोग शांति बनाए रखें, किसी के भड़कावे में नहीं आए।

**-अजीत पुजारी**
एसडीएम

### अज्ञात पर जुर्म

मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। घटना स्थल पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद ली गई है। समाज एवं प्रशासन के बीच चर्चा हई है, जिसमें आरोपी को पकड़ने सहित तीन मांगे हैं, सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी लगाया गया है।

**-हरविंदर सिंह**
एसडीओपी

## ब्लॉक पत्रकार संघ की बैठक में हुई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

स्थानीय विश्राम गृह में ब्लॉक पत्रकार संघ बिल्हा की महत्वपूर्ण विषयों को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विनोद वर्मा ने की। बैठक में संगठन से जुड़े आसपास के क्षेत्र के भी सदस्यों ने हिस्सा लिया एवं संगठन के विस्तार एवं मजबूती के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। संरक्षक योगेश शर्मा ने सभी सदस्यों को ब्लॉक पत्रकार संघ बिल्हा का आई कार्ड पहनाकर सम्मानित किया। श्री वर्मा ने सभी का आभार जताते हुए बताया कि, हमारे वरिष्ठ पत्रकारों की काफी पुरानी इच्छा थी कि, बिल्हा में एक स्वस्थ एवं मजबूत संगठन पत्रकार हित एवं जनहित में कार्य करे। सौभाग्य से इस कार्य का जवाबदारी हमें मिली है, और हमारे सभी साथी बढ़-चढ़ कर इस पर सफलता भी हासिल कर रहे हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी साथियों ने अपनी-अपनी अहम भूमिका निभाई।

## एसपी ने ली थाना-चौकी एवं शाखा प्रभारियों की बैठक

### कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**मुंगेली।** जिले के लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा हेतु राजपत्रित अधिकारी, थाना-चौकी एवं शाखा प्रभारियों की बैठक पुलिस अधीक्षक ने ली। बैठक में उन्होंने अपराधों व असामाजिक कृत्यों से जुड़े मामलों पर त्वरित व वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल की ओर से 16 जनवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित संवाद कक्ष में जिले की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महिला एवं गुमशुदा बालक-बालिकाओं से संबंधित अपराधों, गंभीर अपराध जैसे हत्या, हत्या का प्रयास, संपत्ति संबंधी अपराध एवं पूर्व लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए तथा धारा 173(8) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों, लंबित मर्ग प्रकरणों तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 से प्राप्त साइबर फ्रॉड संबंधी शिकायतों का शीघ्र वैधानिक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही थानों में प्राप्त शिकायतों को 7 दिवस के भीतर तथा पूर्व लंबित शिकायतों को 15 दिवस के भीतर निराकृत करने, थाना परिसर एवं मालखाना की साफ-सफाई तथा अभिलेखों को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए। जिले के समस्त पर्यवेक्षण अधिकारियों को अपने-अपने थाना-चौकी क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने, नियमित भ्रमण करने तथा लंबित प्रकरणों की निरंतर समीक्षा कर निर्धारित समयावधि में निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। गुमशुदा बालक–बालिकाओं की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कार्य में और अधिक तेजी लाने, बरामद बच्चों को सकुशल परिजनों को सौंपने एवं विधिवत कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे आम जनता का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। बैठक के दौरान जिले में बीट प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करते हुए स्मार्ट पुलिसिंग पर विशेष जोर दिया गया।



पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी।

इसके अंतर्गत आम जनता से मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर जुड़ने, नशे से होने वाले शारीरिकमानसिक दुष्प्रभावों, यातायात नियमों के पालन तथा साइबर फ्रॉड से बचाव के संबंध में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक पथरिया नवनीत पाटिल, उप पुलिस अधीक्षक लोरमी हरविंदर सिंह, रक्षित निरीक्षक नरगिस तिग्गा बघेल, सहित जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारी, शाखा प्रभारी एवं यातायात प्रभारी उपस्थित रहे।

## शराब तस्करी: 3 बाइक सहित 514 पाव देसी शराब जब्त

**मुंगेली।** कोतवाली पुलिस ने 3 अलग-अलग मामलों में 11 पेटी देशी प्लेन शराब जप्त किया। साथ ही 3 मोटर सायकल जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस को 15 जनवरी मुखबिर से सूचना मिली कि, चकरभाठा रोड अंतर्गत अत्यधिक मात्रा में देशी प्लेन शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने भरतदाल मिल रायपुर रोड मुंगेली, चकरभाठा से भदराली रोड, संबलपुर चकरभाठा मेनरोड के पास घेराबंदी कर संदेहियों को पकड़ लिया एवं उनकी तलाशी ली गई।

> ■ तीन अलग-अलग मामले पर कार्रवाई, आरोपी भेजे गए जेल

तलाशी के दौरान आरोपी शत्रुहन सिंह राजपूत पिता भागवत सिंह राजपुत उम्र 42 साल निवासी जंगलपुर थाना दाढी बेमेतरा के कब्जे से 25 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 2000 रूपए एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल एचएफ डिलक्स कीमती 40 हजार कुल जुमला 42 हजार रूपए को जप्त कर धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह आरोपी दिलहरण यादव पिता रमेश यादव उम्र 42 साल निवासी सुकली गोविंद थाना कुंडा कबीरधाम के कब्जे से 200 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 16 हजार रूपए व मोटर सायकल पल्सर कीमती 80 हजार कुल जुमला 96 हजार जप्त धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में आरोपी राजू माथुर पिता स्व साधोल माथुर 39 साल निवासी गिरधारीकापा एवं भीम गावस्कर पिता चम्पालाल उम्र 42 साल, निवासी भोलवाकापा थाना कुंडा कबीरधाम के कब्जे से 288 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 23 हजार 40 रूपए एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल एसपी शाइन होंडा कीमती 70 हजार कुल जुमला 93 हजार रूपए को गवाहों के समक्ष जप्त कर धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। इस तरह तीन अलग-अलग मामलों में कुल 514 पाव देशी प्लेन शराब किमती 41 हजार 40 एवं परिवहन में प्रयुक्त 3 नग मोटरसायकल कीमती 1 लाख 90 हजार रूपए सहित कुल 2 लाख 31 हजार 40 रूपए का माल जब्त किया गया।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं इनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## युवक के साथ मारपीट कर लूटे पैसे, 4 आरोपी गए जेल

**बोदरी।** सरकंडा मुक्तिधाम के समीप रहने वाले अरनव उर्फ युग मिश्रा पिता शैलेन्द्र मिश्रा उम्र 19 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराई कि, शुक्रवार 16 जनवरी को वह अपने दोस्त शुभम माखीजा के साथ ब्रेजा कार सीजी 10 एबी 9510 मे खाना खाने होटल शिवा इन परसदा रायपुर रोड गए थे। खाना खाकर रात करीबन 11.30 बजे वापस घर जाने के लिए होटल से निकले तो होटल के गेट के बाहर खड़े कुछ लड़के उनके पास आए। उनमें से पीली रंग की हुडी जैकेट पहने लड़के ने शराब पीने के लिए की मांग करते हुए गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर युवकों ने शुभम के साथ मारपीट करते हुए जेब से 900 रूपए लूट लिए।

एक युवक ने अपना नाम अविनाश शर्मा व निवाली चकरभाठा बताते हुए धमकी दी। शिकायत पर चकरभाठा थाना प्रभारी टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण के 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। लूट के 200 रूपए जप्त कर आरोपी अविनाश शर्मा पिता नरेन्द्र शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड क्र 12 चकरभाठा, गुलशन साहू पिता किशोर साहू उम्र 19 वर्ष निवासी विकास नगर चकरभाठा, प्रियांशु पाण्डेय पिता आलेख पाण्डेय उम्र 19 साल साकिन वार्ड क्रमांक 12 चकरभाठा, अतुल सिह राठौर पिता गजानंद प्रसाद राठौर उम्र 22 साल निवासी मस्तूरी राठौर मोहल्ला थाना चकरभाठा को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



**राजस्व मामले मे नोटिस**
**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**विषय :- अभिलेख सुधार**
**मामला अ-6अ/25-26**
पक्षकार सुरेंद्र कुमार जायसवाल
वि. अनुप मेघानी
**दावा**
नाम अनुप मेघानी पिता गुरुदास मेघानी
पता तिफरा, तहसील व जिला बिलासपुर आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 30.01.2026 दिन के 11:00 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर मे होगी।
**जारी तारीख : 16.01.2026**
**आदेशानुसार वाचक**
**न्यायालय अति. तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम में बदलाव**

मैं, राजेश कुमार बत्रा, पिता तिलक राज बत्रा, निवासी 10-11, ओम गार्डन पारिजात कॉलोनी, नेहरू नगर, बिलासपुर CG 495001, ने 14/01/2026 से अपना नाम राजेश कुमार बत्रा से बदलकर राजेश बत्रा कर लिया है। अब से, मुझे सभी कामों के लिए राजेश बत्रा के नाम से जाना जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार सकरी**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
मा.क्र.ब–121/2025–26
ग्राम हांफा, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम हाफा प.ह.न. 44 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका स्मृति उपाध्याय पिता नरेन्द्र कुमार उपाध्याय निवासी हाफा पिन कोड 495001, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम हाफा प.ह.नं. 44 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. का स्थायी निवासी है जिसके द्वारा ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 15.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार सकरी

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी**
**तहसील व जिला बिलासपुर**
**ज्ञापन**
क्रमांक कार्यालय रा/नि/क्यू/2025 कोनी/ दिनांक 13/01/2026

1 निधी सलूजा 2 संदीप तिवारी 3 गणेश राम साहू 4 जेठू राम साहू 5 दीपक छेदी लाल 6 सुनीता साहू 7 नरेश साहु 8 बैशाखु राम साहू विषय सीमांकन में उपस्थित होने बाबत सूचना पत्र उपरोक्त विषयतर्गत लेख है की ग्राम सेंदरी प ह न 46 राजस्व निरीक्षक मडल कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखंड खसरा नं रकबा 0.0490, 02228 हे के सीमांकन हेतु छ.ग. राजस्व संहिता 1959 की धारा 128 के तहत तहसीलदार के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 19/01/2026 को समय 11:00 बजे से 5:00 बजे के मध्य किया जाना है अत: आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

**राजस्व निरीक्षक कोनी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. / अ–6–अ/2025–26
ग्राम–अमेरी तहसील – सकरी,
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका संगीता वर्मा, पति स्व. शैलेष कुमार वर्मा, निवासी नर्मदा नगर बिलासपुर के द्वारा ग्राम अमेरी, पहन 43, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 397/2, 398/1 रकबा 2800 वर्गफुट भूमि आवेदिका के पति शैलेष कुमार वर्मा पिता स्व. अम्बिा प्रसाद वर्मा के द्वारा विक्रेता अनिल कुमार दिघ्रस्कर से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया, जिसका विधिवत नामांतरण पश्चात् क्रेता के नाम पर अभिलेख दुरूस्त किया गया, परंतु वर्तमान ऑनलाईन में वाद भूमि क्रेता के नाम पर प्रदर्शित नहीं हो रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30.01.26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 15.01.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**

## खबर संक्षेप

### विधायक अमर ने किया भारत माता स्कूल की छात्राओं को सायकल वितरण



**बिलासपुर।** भारत माता हिन्दी माध्यम उमा विद्यालय में छग शासन द्वारा बालिकाओं के शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सरस्वती सायकल योजना के अंतगर्त नगर विधायक अमर अग्रवाल ने छात्राओं को सायकल वितरण किया। इस दौरान श्री अग्रवाल ने बालिकाओं को अपने लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छग शासन द्वारा बालिकाओं को दिए जा रहे योजनाओं का लाभ लेकर अपना व माता पिता के सपनो को सकार करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद प्रकाश यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष, भारत माता के सचिव फादर देवसिया मनीमाला, फादर प्रमोद बड़ा प्राचार्य हिन्दी माध्यम, फादर सलीन पी. प्राचार्य अंग्रेजी माध्यम की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन देवेश अवस्थी व धन्यवाद ज्ञापन नीरज श्रीवास्तव ने किया।

### नाराज शिक्षकों ने की हड़ताल सरकारी स्कूलों में पढ़ाई ठप



**बिलासपुर।** सहायक शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल कोन्हेर गार्डन में की। सरकार द्वारा चुनाव से पहले किए गए वादे पूरे नहीं होने से नाराज़ शिक्षक सड़कों पर उतरे और जोरदार प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने कहा कि चुनाव के समय जिन मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था, उन पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। शिक्षकों की इस हड़ताल के कारण स्कूलों में पढ़ाई कुछ हद तक प्रभावित हुई।
यह शिक्षकों कोन्हेर गार्डन पहुंचे। उन्होंने हाथों में तख्तियां लीं और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। शिक्षकों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखीं और जल्द समाधान की मांग की। जिसके साथ प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने सरकार को अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस दौरान 'मोदी की गारंटी' पूरी करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और शिक्षा सचिव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से चार सूत्रीय मांगें रखी गई हैं। इनमें वेतन विसंगति दूर करना, क्रमोन्नत वेतनमान लागू करना, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना और ऑनलाइन उपस्थिति के नियम में बदलाव शामिल हैं। शिक्षकों ने सरकार से इन मांगों का जल्द निराकरण करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी अवधेश विमल ने किया। कार्यकारी जिला अध्यक्ष विकास कायरवार, बिल्हा ब्लाक अध्यक्ष अजीत कुजूर, कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती अर्चना मिश्रा, ब्लाक सचिव आशुतोष राजपूत, जिला विधिक सलाहकार विकास तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे। शिक्षकों ने यह भी कहा कि यदि सरकार तुरंत संज्ञान नहीं लेती है, तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

### साहित्यकारों ने दी वीरेंद्र को श्रद्धांजलि

**बिलासपुर।** प्रख्यात आलोचक,साहित्यकार वीरेंद्र यादव के निधन पर प्रलेस की नगर इकाई ने शोक सभा का आयोजन किया । सभा में स्व. यादव के अवदान को रेखांकित करते हुए कहा गया कि उनकी कमी को पूरा कर पाना मुश्किल है । उनके साहित्यिक व रचनात्मक योगदान का दायरा बहुत विस्तृत रहा है । उनकी रचनाओं ने हिंदी साहित्य में अनेक विमर्शों को दिशा दी । वे प्रगतिशील लेखक संघ से आजीवन जुड़े रहे । राष्ट्रीय समिति सहित विभिन्न पदों पर रहे वीरेंद्र यादव के जुझारू व्यक्तित्व और सक्रिय हस्तक्षेप से सभी को हमेशा ऊर्जा मिलती रही । याद किया गया कि गत वर्ष बिलासपुर में हुए प्रसंग मुक्तिबोध में वे बतौर मुख्य अतिथि थे । सभी साथियों के पास उनसे जुड़े अनेक संस्मरण हैं । वीरेंद्र यादव का असमय जाना साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है । यह सभा उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करती है और उनके परिवार के दुख में सहभागी है । सभा में हबीब खान, नथमल शर्मा, रफीक ख़ान, सत्यभामा अवस्थी, अखिल वर्मा, साखन दर्वे, लहरे सहित अनेक साथी उपस्थित थे ।



### जबड़ापारा में अखण्ड नवधा 26 से, बहेगी भक्ति की बयार

**बिलासपुर।** अचानक क्लब के तत्वावधान में जबड़ापारा प्रांगण में श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस यज्ञ का आयोजन 26 जनवरी से 5 फरवरी तक किया जा रहा है। आयोजन का यह 25 वॉ वर्ष है। जिसमें समस्त मानस एवं भजन मंडली अपने टीम सहित आंमत्रित है। आचार्य पं. विनय महराज एवं मुख्य यजमान शिवशंकर लाल पूर्व सैनिक एयरफोर्स व पुष्पलता वर्मा होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने विजय ताम्रकार पार्षद, पुष्पेन्द्र मिश्रा पूर्व पार्षद, विकास ओझा, मुख्य सलाहकार कैलाश सोनी, अध्यक्ष कमलेश सोनी, कार्यकारिणी अध्यक्ष सुरेंद्र श्याम मुंडु, मनोज श्याम सक्रिय है। विनीत श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस मंडली एवं भजन मंडली जबड़ापारा हैं।



## बिजनेस प्लस

### इलेक्ट्रानिक बर्ड मे मेगा फेस्टीवल लकी ड्रा आज

**बिलासपुर।** अशोक नगर सरकंडा इलेक्ट्रानिक बर्ड में 18 जनवरी को शाम 6 बजे मेगा फेस्टीवल लकी ड्रा निकाला जाएगा। इसके संचालक ने बताया कि इलेक्ट्रानिक बर्ड में दिपावली में मेगा फेस्टिवल लकी ड्रा का आयोजन किया जाता है जिसमे केवल इलेक्ट्रानिक बर्ड के कस्टमर को समान के साथ-साथ लकी ड्रा का कूपन भी दिया जाता है। इलेक्ट्रानिक बर्ड पिछले 11 साल से यह आयोजन दिपावली में कराता है। इस लकी ड्रा में इलेक्ट्रानिक बर्ड की नई शाखा इलेक्ट्रानिक बर्ड अशोक नगर चौक सरकंडा में ड्रा होना है। इस बार लकी ड्रा में 101 बड़े इनाम रखे गए हैं। इसमें पहला इनाम ई बाइक, दूसरा ओ इ- बाइक, तीसरा वाशिंग मशीन और चौथा आटा चक्की, पांचवां एलईडी टीवी, छठवां फ्रिज, सातवा पुरस्कार मोबाइल जैसे 101 इनाम लकी ड्रा के माध्यम से 18 जनवरी को अशोक नगर सरकंडा इलेक्ट्रानिक बर्ड में शाम 6 बजे से होना है।

---

**निगम का खुद के बिजली का बिल 170 करोड़ रुपए बकाया** | 10 दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता का बिजली बिल आएगा अधिक

# निगम ने दे दी फ्लडलाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की निशुल्क अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कंगाल नगर निगम का खुद के बिजली का बिल 170 करोड़ रुपए तक बकाया है और इधर स्वीमिंग पूल से लगे ग्रीन गार्डन मैदान को निःशुल्क रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगियों के लिए एक संस्था को दे दिया है। मैदान में 7 बांस का स्ट्रक्चर लगा विद्युत पोल लगाए गए हैं, जिनमें एक दर्जन से ज्यादा हैलोजन लगे हैं। माइक और दूसरे बल्ब भी लगाए गए हैं।

जाहिर है 10 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का बिजली बिल भी भारी भरकम आएगा। इसके बाद भी ना तो मैदान की फीस ली जा रही और ना ही बिजली बिल का कोई हिसाब है। महापौर श्रीमती पूजा विधानी का कहना है कि आयोजन समिति से मेंटेनेस चार्ज लिया जा रहा है। पूरे मामले में सवाल यह उठ रहा है कि खुद कर्जे के पहाड़ पर बैठे नगर निगम ने आयोजन समिति पर इतनी मेहरबानी क्यों की है। बताया जा रहा है कि जोन आफिस के एक अधिकारी से मिलीभगत कर ऐसा किया जा रहा है। इसी तरह शहर भर में अभी और आयोजन सरकारी बिजली पर चल रहे हैं। खास बात है कि जिस ग्रीन गार्डन मैदान को नगर निगम ने निःशुल्क क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए दे रखा है, उसी समिति ने आधा दर्जन से अधिक कारोबार संचालकों से बकायदा विज्ञापन शुल्क लेकर उनके संस्थान का विज्ञापन बोर्ड भी चारों तरफ लगा रखा है।




### 50 करोड़ रुपए का सरचार्ज हटाने लिखा पत्र

नगर निगम ने इसके अलावा बिजली बिल के बकाया में जोड़ा गया 50 करोड़ रुपए का सरचार्ज हटाने के लिए सीएसईबी को पत्र लिखा गया है। निगम के मुताबिक 1999 के अनुबंध के अनुसार सीएसईबी नगर निगम से सरचार्ज नहीं ले सकता, क्योंकि निगम आम जनता को स्ट्रीट लाइट की आवश्यक सेवा प्रदान करता है। हालांकि आलम यह है कि कहीं 24 घंटे स्ट्रीट लाइट जलती रहती है, तो कहीं मेन रोड पर अंधेरा रहता है। सर्वाधिक व्यस्त रहने वाले गौरव पथ, रायपुर रोड, लिंक रोड, दयालबंद, तोरवा छठघाट राजकिशोर नगर और सीपत मार्ग में कई खंभों की स्ट्रीट लाइटें बंद पाईं गई। तो कई जगहों पर दिन-रात लाइटें जलतीं रहतीं हैं।

### नगर निगम सबसे बड़ा बकायादार

इधर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी की माने तो निगम पर 170 करोड़ का बिजली बिल बकाया है। सार्वजनिक हित का मामला जुड़े होने के कारण बिजली कंपनी सीधे कोई कार्रवाईज्ञ नहीं कर रही है। यह भारी भरकम बिजली का बिल आफिसों के साथ ही, वाटर सप्लाई और स्ट्रीट लाइटों का है। इधर व्यापार विहार मेन रोड, गुरु घासीदास नगर, नागदौने कॉलोनी सहित जोन क्रमांक 1, 2, 6, 7 और 8 के 17 वार्डों में स्ट्रीट लाइटें दिन-रात चौबीसों घंटे जल रही हैं। नूतन चौक से लेकर मोपका तक भी यही हाल है यहां रात दिन स्ट्रीट लाइट जलती रहती है। इसे बंद करने की कोई व्यवस्था निगम के पास नहीं है।

### मेंटनेंस चार्ज लिया जा रहा

ग्रीम गार्डन मैदान को रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगियों के लिए आयोजन समिति को दिया गया है। समिति से मेंटेनेंस चार्ज लिया जा रहा है। बिजली बिल के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। इस बारे में पता कराया जाएगा।

**- पूजा विधानी**
महापौर

---

रेल मंडल में आने वाले सांसदों की बैठक 22 को

# सांसदों की मांग : रींवा का विस्तार करें दुर्ग तक, बनाए जाए आरओबी और आरयूबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर के बिलासपुर मंडल में आने वाले सांसदों की बैठक का आयोजन 22 जनवरी को किया जाएगा, जिससे पहले सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आने वाले स्टेशनों व यात्री सुविधा के साथ रींवा-बिलासपुर एक्सप्रेस का विस्तार दुर्ग तक करने एवं आरओबी और आरयूबी सहित अन्य कार्यो को किए जाने एजेंडा भी दे दिया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट के साथ रेल बजट भी फरवरी माह में पेश किया जाएगा। इस बजट से पहले रेल मंत्रालय ने सभी जोनल रेलवे को पत्र लिखकर उनकी मांगों को देने आदेश जारी किया है, ताकि उन एजेंडों को बजट में शामिल किया जा सके। रेलवे बोर्ड के आदेश के बाद बिलासपुर रेल मंडल और जोनल स्तर पर भी अफसरों ने तैयारियां शुरु कर दी है। इस वित्तीय वर्ष में सांसदों की तीसरी बैठक का आयोजन 22 जनवरी को रखा गया है, जिसमें बिलासपुर रेल मंडल में आने वाले स्टेशनों के सांसद मुख्य रूप से शामिल होंगे। बैठक से पूर्व सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और सुविधाओं को पूरा करने के लिए रेलवे को एजेंडा भी भेज दिया है। इसमें चंदिया से चिरमिरी ट्रेन को कटनी तक विस्तार करने, इंदौर से बिलासपुर ट्रेन को रूपौंद स्टेशन में स्टापेज देने, बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस को दुर्ग तक विस्तार करने के अलावा, रायगढ़ स्टेशन में जस्सीडी वास्को द गामा एक्सप्रेस, पुणे हमसफर एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, संतरागाछी नांदेड़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कविगुरु एक्सप्रेस, गीतांजली साप्ताहिक एक्सप्रेस, पटना-हैदराबाद सहित अन्य ट्रेनों का स्टापेज देने, रायगढ़ से कोरबा व्हाया सारागांव मेमू ट्रेन शुरु करने, अंबिकापुर-कोरबा को आगामी बजट में जोड़ने, अंबिकापुर से रायपुर के इंटरसिटी का परिचालन करने, जांजगीर नैला में दक्षिण बिहार एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, हीराकुंड एक्सप्रेस, गीतांजली एक्सप्रेस का स्टापेज दिए जाने के अलावा स्टेशनों का जीर्णोद्धार किया जाना शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कई सांसदों ने अमृत भारत स्टेशन योजना में चल रहे कार्यो पर दिए गए एजेंडों में अपनी नाराजगी व्यक्त की है। सांसदों का कहना है कि ठेकेदार स्टेशन डेवलपमेंट के लिए किए जा रहे घटिया सामनों का उपयोग कर रहे हैं, जिसके कारण कुछ ही दिनों में स्टेशन की हालत खराब हो सकती है।




### पार्किंग में हो रही अवैध वसूली

रेलवे स्टेशन उसलापुर और बिलासपुर में जाने वाले लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या पार्किंग ठेकेदार और कर्मचारियों के चालकों से अवैध वसूली की समस्या अधिक है। इसे भी सांसदों ने रेल अफसरों को दिए गए एजेंडों में शामिल कर कार्रवाई के संबंध में, जयरामनगर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज की प्रगति संतोषजनक नहीं होने के संबध में और संपर्कक्रांति को प्रतिदिन करने की पूर्व मांग पर भी सांसदों ने एजेंडे में शामिल कर रेल अफसरों से जवाब मांगा है।

---

# रिफॉर्म को कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाना जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल में 16 जनवरी को पहले चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इस चिंतन शिविर का उद्देश्य कंपनी की उपलब्धियों की समीक्षा करना, कमियों की पहचान करना तथा उत्पादन, डिस्पैच, सेफ्टी, कॉस्ट एफिशिएंसी, सस्टेनेबिलिटी और डिजिटाइजेशन को सुदृढ़ करने के लिए स्पष्ट एवं समयबद्ध एक्शन प्लान पर मंथन करना था। इस अनूठी और दूरदर्शी पहल का नेतृत्व एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने किया। उनके साथ निदेशक (तकनीकी–संचालन) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (तकनीकी) यो./परि. रमेश चन्द्र महापात्र मौजूद थे। शिविर में मुख्यालय एवं सभी संचालन क्षेत्रों से लगभग 200 अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं ई-5 स्तर तक के युवा अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि एसईसीएल को हमें एक बार फिर देश की नंबर 1 कंपनी बनाना है और इसके लिए रिफॉर्म को एक नारे तक सीमित ना रखते हुए हमें इसे अपनी कार्य-संस्कृति का हिस्सा बनाना होगा। हमें स्पीड, टेक्नोलॉजी और डिजिटल इंटरवेंशन के माध्यम से तेज़ निष्पादन और स्पष्ट एवं पारदर्शी निर्णय-प्रक्रिया पर फोकस करना होगा।



### खुला संवाद और सहभागी मंथन

चिंतन शिविर के 15 पीपीटी प्रस्तुतियाँ दी गईं जिसमें वर्ष 2047 के लिए कंपनी की योजना, अंडरग्राउंड प्रोडक्शन प्लान, क्वालिटी कंट्रोल, डिस्पैच, एफ़एमसी, सेफ़्टी, भू-अधिग्रहण एवं पुनर्स्थापन, पर्यावरण एवं वन स्वीकृति, डिजिटाइजेशन/एआई का प्रयोग, मानव संसाधन, फाइनेंस, कांट्रैक्ट मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल रहे। प्रत्येक सत्र के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। खुले मंच पर विचार, सुझाव एवं नवाचारात्मक आइडियाज़ पर चर्चा की गई।

---

# श्रद्धा महिला मंडल ने किया 'श्रद्धा संगिनी' का विमोचन

**बिलासपुर।** एसईसीएल श्रद्धा महिला मण्डल द्वारा अपने 20वें स्थापना दिवस पर वसंत क्लब एसईसीएल वसंत विहार कॉलोनी बिलासपुर में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यालय सहित विभिन्न संचालन क्षेत्रों की समितियों से लगभग 200 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह की मुख्य अतिथि श्रद्धा महिला मण्डल की अध्यक्षा शशि दुहन रहीं। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्षा अनीता फ्रैंकलिन, इप्सिता दास, हसीना कुमार, विनीता जैन एवं शुभश्री महापात्र उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर श्रीमती शशि दुहन ने कहा कि श्रद्धा महिला मंडल की दो दशकों की यात्रा समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और सामूहिक सहभागिता की सशक्त मिसाल है। उन्होंने मण्डल से जुड़ी सभी वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों की भूमिका की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी श्रद्धा महिला मण्डल इसी प्रतिबद्धता के साथ सामाजिक उत्थान के कार्यों को आगे बढ़ाती रहेगी। 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर अतिथियों द्वारा श्रद्धा महिला मण्डल की वार्षिक पत्रिका "श्रद्धा संगिनी" का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मुख्यालय एवं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में मण्डल द्वारा संचालित गतिविधियों पर्यावरण संरक्षण, स्वरोजगार, कौशल विकास, शिक्षा, स्वच्छता, महिला स्वावलंबन एवं सामाजिक जागरूकता की जानकारी साझा की गई। समारोह में वर्ष भर उत्कृष्ट योगदान देने वाली समितियों एवं सदस्याओं को सम्मानित किया गया। कुल 77 पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में सदस्याओं एवं समितियों को प्रदान किए गए जिसमें सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए संपदा महिला समिति चिरमिरी क्षेत्र को सर्वश्रेष्ठ सामाजिक सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यालय बिलासपुर को सर्वश्रेष्ठ सामाजिक एवं सांस्कृतिक पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी जीवंत एवं यादगार बना दिया। यह आयोजन न केवल श्रद्धा महिला मण्डल की 20 वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव रहा, बल्कि आने वाले वर्षों में और अधिक प्रभावी सामाजिक भूमिका निभाने के संकल्प का भी सशक्त प्रतीक बना।



### शिक्षकों को पेंशन लाभ से जोड़ने की मांग की

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है कि एलबी संवर्ग के शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति (संविलियन पूर्व सेवा) को पेंशन लाभ के लिए जोड़ा जाए तथा केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार व उत्तराखंड सरकार की तरह छत्तीसगढ़ राज्य में भी पेंशन निर्धारण के लिए 33 वर्ष अर्हकारी सेवा के स्थान पर 20 वर्ष अर्हकारी सेवा होने पर 50 % पेंशन निर्धारण का प्रावधान करने की मांग की है। श्री शर्मा ने बताया कि पदोन्नति के लिए न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा थी जिसे एसोसिएशन की थीम पर एक बार के लिए रिलैक्सेशन देते हुए 3 वर्ष करते हुए 22 हजार सहायक शिक्षकों को पदोन्नति दिया गया, अब शिक्षक व प्रधान पाठक प्राथमिक शाला में पदोन्नति होने के बाद पदोन्नति से वंचित 30000 सहायक शिक्षक पदोन्नति एवं क्रमोन्नति नहीं मिलने से ठगा महसूस कर रहे हैं।

---

**रमन विवि में जागरूकता अभियान, पहुंचे एसएसपी रजनेश**

# बाइक चलाते समय युवा अपना और दूसरों के सुरक्षा का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा वाहन के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अंचल के लोगों को जानकारी देने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एसएसपी रजनेश सिंह ने जानकारी दी।

विद्यार्थियों ने कोटा क्षेत्र में बाइक रैली निकालकर लोगों को सुरक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर एसएसपी श्री सिंह ने कहा कि आज के युवा परिवार, समाज और देश के धरोहर हैं। इसलिए युवाओं को इस बात का ध्यान रखना चाहिए, कि वह किसी भी प्रकार की लापरवाही से वाहन न चलाएं। अपने जीवन को सुरक्षित रखें । उन्होंने बताया कि जितने लोगों की दुर्घटना में मृत्यु होती है, उसमें 60 से 70% युवा होते हैं। इसलिए युवाओं को कभी भी नशे में वहां नहीं चलाना चाहिए। जब भी वाहन चलाएं हेलमेट का उपयोग करें । दुर्घटना से मृत्यु होने वाले लोगों में सर की चोट 90% के कारण होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि युवा अपने लक्ष्य को सर्वोच्च रखें और उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें।



### दुर्घटना रोकने इनोवेशन की जरूरत : कुलपति

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए तकनीकी रूप से इनोवेशन की जरूरत है, ताकि हम ऐसी तकनीक विकसित करें जिससे सड़क दुर्घटना कम से कम हो । उन्होंने विद्यार्थियों सड़क दुर्घटना घायल होने वाले लोगों की अधिक से अधिक मदद करने की अपील की।

### पूरे अंचल में जागरूकता अभियान जारी: कुलसचिव

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अरविंद तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय में लगातार ट्रैफिक नियमों का पालन और जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इसमें विश्वविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थी बड़ी संख्या में भाग लेते हैं । पूरे अंचल में इसको लेकर निरंतर जागरूकता अभियान जारी है। एडिशनल एसपी यातायात रामगोपाल करियारे ने दुर्घटनाओं को रोकने जन आंदोलन और जन चेतना अभियान चलाए जाने की बात कही। उन्होंने ट्रैफिक जागरूकता की जानकारी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की संकुलपति डॉक्टर जयति चटर्जी एवं कोटा एसडीओपी नूपुर उपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर ब्रम्हेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर जयशंकर यादव रहे।

---

# बिलासा जयंती में पहुंचे यूपी के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय



**बिलासपुर।** महारानी वीरांगना बिलासा माता की जयंती पर उत्तर प्रदेश निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं योगी सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। साथ में निषाद पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं डॉ संजय कुमार निषाद की धर्मपत्नी मालती निषाद, नगर विधायक अमर अग्रवाल विशिष्ट अतिथि थे।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर पूजा विधानी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर संजय कुमार निषाद ने कहा कि महारानी वीरांगना बिलासा की नगरी में एक माता बिलासा के नाम पर विश्वविद्यालय एवं माता बिलासा देवी ने जहां रतनपुर में प्रशिक्षण लिया था उस किले को पर्यटन स्थल घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि आप सबको अपने पूर्वजों के बारे में जानकारी होना चाहिए। महाराजा गुहाराज निषाद का किला जो श्रृंगवेरपुर में है विकसित हो रहा है। केंद्र और राज्य के सहयोग से हजारों करोड़ गार्डन, स्मृतियां एवं भगवान राम और गुहा राज निषाद की भव्य मूर्ति लगी है वैसे ही बिलासपुर शहर में माता बिलासा की मूर्ति लगना चाहिए और माता बिलासा का जो किला है उसका भी विकास होना चाहिए। इस अवसर पर राजकुमार निषाद, राम सागर निषाद, मनीष निषाद और सूरज निषाद ने पार्टी की सदस्यता ली। उसके साथ पार्टी के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए संजय सिंह राजपूत, सूरज निषाद, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, कुंज राम निषाद, राजकुमार निषाद, दिनेश केवट, भागीरथी निषाद, सुखाऊ निषाद संयोजक, पवन निषाद युवा अध्यक्ष किशन निषाद आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## क्रिकेट सट्टा खिलाने वाला खाइवाल गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए एक खाइवाल को



पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन सीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम शहर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने वालों की धरपकड़ में लगी हुई है। 6 जनवरी को महाराणाप्रताप चौक से व्यापार विहार रोड में आयुष अग्रवाल को क्रिकेट सट्टा खिलाते पकड़ा गया था। उस दौरान उसका साथी दयालबंद निवासी सैंकी सलूजा पिता जोगेन्द्र सलूजा 36 साल भाग गया था। पुलिस ने पतासाजी करते हुए 17 जनवरी को नेहरू चौक के पास घेराबंदी करते हुए सैंकी सलूजा को पकड़ लिया है। उसके पास से दो मोबाइल, 2 हजार रुपए नकद जब्त किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** प्रताड़ना से युवती के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के



मामले में पुलिस ने एक महिला एवं अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, लोफंदी निवासी आरती यादव पति शिव प्रसाद यादव 25 साल तोरवा क्षेत्र में रहकर प्राइवेट काम कर रही थी। वर्ष 2025 में उन्होने अपने रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच में पुलिस को सुसाइड नोट मिला था, जिसमें विनता गुप्ता एवं अन्य के द्वारा प्रताड़ित करने से खुदकुशी करने की बात लिखी था। जांच के बाद पुलिस ने विनता गुप्ता एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मुंगेली व सिरगिट्टी पुलिस ने कबाड़ी की दुकान में छापा, कबाड़ी फरार

# कबाड़ी दुकान में मिले वाहनों के कटे पाट्‌र्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुंगेली व सिरगिट्टी पुलिस ने कबाड़ी की दुकान में छापा मारकर जांच की, दुकान में लाखों रुपए के वाहनों के कटे पाट्‌र्स मिले हैं। पुलिस ने कबाड़ी की दुकान को सील कर दिया है, कबाड़ी फरार है।

15 जनवरी को मुंगेली साइबर सेल को सूचना मिली बिलासपुर की ओर से सरगांव मार्ग होते हुए चोरी गकी गई मोटर साइकिलों एवं अन्य वाहनों को काटकर उनके पाट्‌र्स एक हाइवा में भरकर ले जाया जा रहा है। साइबर सेल व सरगांव पुलिस ने हाइवे में घेराबंदी कर हाइवा को रोककर जांच की गई। गाड़ी से मोटर साइकिल, कार एवं अन्य वाहनों के कटे पाट्‌र्स, बैटरियां, लोहे का सामान पाया गया। हाइवा चालक रूपनाथ सिंह पिता सोबरन मरकाम 23 साल खड़गवा चिरमिरी निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने बताया कि उक्त सामान तिफरा के कबाड़ी फिरोज मेमन का है, उसकी दुकान में चोरी की गाड़ियों को खरीदकर अपनी कबाड़ी दुकान में काटा जाता है। कबाड़ सहित हाइवा को बीएनएस की धारा 106 के



तिफरा स्थित कबाड़ी दुकान को सील करती पुलिस।

तहत जब्त कर लिया गया। उसके बाद मुंगेली साइबर सेल ने सिरगिट्टी पुलिस के सहयोग से कबाड़ी फिरोज मेमन के कबाड़ी दुकान में छापा मारा गया। जांच करने पर दुकान से अनेकों मोटर साइकिल, कार, ट्रक एवं अन्य वाहनों के कटे हुए पाट्‌र्स, लोहे की सामाग्री, वजन मशीन, लोहे काटने की मशीन, गैस कटर, गैस सिलेण्डर, कंप्रेशन मशीन मिला। टीआई किशोर केंवट ने बताया, लाखों के चोरी का सामान मिलने पर कबाड़ी दुकान को सील कर दिया है। बताया जाता है छापे पर गई पुलिस को देखकर कबाड़ी फिरोज मेमन फरार हो गया। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश में जुट गई है।

### सरकण्डा में जांच, नहीं मिला संदिग्ध सामान

चोरी के वाहन खरीदी बिक्री की शिकायत पर शनिवार को सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने शनिचरी बाजार स्थित संतोष रजक के कबाड़ी दुकान में दबिश दी। पुलिस टीम ने दुकान के सामनों की जांच की, किन्तु वहां कोई भी चोरी का सामान नहीं मिला है। केवल पुठ्ठा व प्लास्टिक के सामाने रखे हुए थे।

### पूर्व में पकड़ा गया था कबाड़ी

पूर्व में तिल्दा आरपीएफ ने भगोड़े कबाड़ी फिरोज मेमन की दुकान में दबिश देकर चोरी के रेलवे की संपत्ति बरामद की गई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके अलावा चकरभाठा पुलिस ने उसके दुकान से चोरी की बड़ी संख्या में बिजली विभाग के एल्युमिनियम तार बरामद किया था। उक्त मामले में भी पुलिस ने कबाड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**मोबाइल बंद मिलने से संदेह गहराया**

## रात एक बजे घर से निकला युवक रहस्यमय ढंग से लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रात एक बजे घर से निकला रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। लगातार मोबाइल बंद मिलने से मामला संदिग्ध हो गया है। पुलिस युवक की पतासाजी में जुट गई है।



सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, नर्मदानगर तिवारी गली निवासी नीरज अग्रवाल पिता हीरालाल अग्रवाल 33 साल अमेरी चौक में पुराना गाड़ी खरीदी बिक्री का काम करते हैं। 16 जनवरी की रात वे किसी परिचित को दवाई देने के लिए होटल गए थे। दवाई देने के बाद घर आए और रात एक बजे अपनी पत्नी शिखा अग्रवाल को आ रहा हुं, दरवाजा बंद मत करना कहकर निकल गए और उनकी पत्नी सो गई। 17 जनवरी की सुबह उनकी पत्नी श्रीमती अग्रवाल की नींद खुली तो कमरे में उनके पति नहीं थे। उन्होंने घर में तलाश की, नहीं मिलने पर फोन लगाया तो मोबाइल बंद मिला। उन्होंने अपने रिश्तेदारों की इसकी जानकारी दी। रिश्तेदार उनके घर आ गए और रिश्तेदारी व दोस्तों से पूछताछ कर पतासाजी की गई, किन्तु उनका कहीं पता नहीं चला। लगातार मोबाइल बंद मिलने से मामला संदिग्ध होने पर बड़े पिता के बेटे शिवम अग्रवाल ने उनके गुम होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल लोकेशन लेकर पतासाजी में जुट गई है।

# होटल से खाना खाकर बाहर निकले छात्र से मारपीट कर लूट, चार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** होटल से खाना खाकर बाहर निकले छात्र के साथ युवकों ने मारपीट कर नकद रकम लूटकर भाग गए। पुलिस ने लूटपाट करने वाले चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, सरकण्डा मुक्तिधाम निवासी अरनव उर्फ युग मिश्रा पिता शैलेन्द्र मिश्रा लॉ प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। 16 जनवरी को दोस्त शुभम माखिजा के साथ ब्रेजा क्रमांक सीजी 10 एआई, 9510 में खाना खाने होटल परसदा स्थित होटल शिवाइन गए थे। खाना खाने के बाद रात 11.30 बजे दोनों दोस्त बाहर निकले तो गेट के पास कुछ युवक खड़े हुए थे। युवक अरनव के पास आकर शराब पीने के लिए पैसा मांगे। मना करने पर उनके साथ मारपीट करते हुए जेब से 900 रुपए निकाल कर लूट लिया। शुभम माखिजा ने बीच बचाव किया तो युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की गई। एक युवक ने अपना नाम चकरभाठा निवासी अविनाश शर्मा बताते हुए कहां नहीं जानता है क्या। पुलिस ने अरनव मिश्रा की रिपोर्ट पर अविनाश शर्मा एवं उनके साथी के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 6 के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी में जुट गई।

टीआई उमेश साहू ने स्टाप के साथ क्षेत्र में दबिश देकर लूटपाट करने वाले अविनाश शर्मा पिता नरेन्द्र शर्मा 22 साल वार्ड 12 चकरभाठा, गुलशन साहू पिता किशोर साहू 19 साल विकास नगर चकरभाठा, प्रियांशु पाण्डेय पिता आलेख पाण्डेय 19 साल वार्ड क्रमांक 12 चकरभाठा, अतुल सिंह राठौर पिता गजानंद प्रसाद राठौर 22 साल मस्तूरी निवासी पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से लूट के 200 रुपए जब्त किया गया है।

### लूट के फरार दो आरोपी गिरफ्तार

कोनी पुलिस के अनुसार, 14 जनवरी को रात्रि 10.30 बजे तामेश्वर सोनी



मार्ग अस्पताल से बाइक में घर जा रहे थे। फारेस्ट कार्यालय के सामने लिफ्ट मांगकर उनसे मारपीट कर 11 हजार रुपए लूट लिया गया था। उक्त मामले में फरार आरोपी सरकण्डा इमलीभाठा निवासी कुलदीप उर्फ क्वींटल वंशकार पिता भगोली वंशकार 20 साल, श्रवण उर्फ नानू कौशिक पिता स्व. घुलिया कौशिक 19 साल को गिरफ्तार कर लिया है। एक पहले लक्ष्मण उर्फ छोटू वंशकार को गिरफ्तार किया गया था।









## खबर संक्षेप

### बच्चों को दी गई सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका में पुलिस विभाग की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्र, शिक्षक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### हवन, सहस्त्र धारा के साथ नवधा रामायण संपन्न



**तखतपुर।** श्रीराम जानकी मंदिर में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन किया गया, जिसका समापन हवन, सहस्त्र धारा के साथ हुआ। आयोजन में आसपास की मानस टोलियों ने रामचरित मानस गायन, वादन एवं प्रवचन प्रस्तुत किया। इस मंदिर में विगत पांच वर्षों से महिला मानस का आयोजन कराया जा रहा है। प्रतिवर्ष महिला मानस मंडलियां श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजन में हिस्सा लेती हैं। इस आयोजन के आचार्य रामनारायण पाठक और मुख्य यजमान बिंदा-सालिक सोनी रहे। नवधा रामायण के आयोजन में अंजू कैवर्त, लक्ष्मी, संतोषी, मधु, शुक्रिता तिवारी, ज्योति गुप्ता, राधा देवांगन, आशा देवांगन सहित अन्य की योगदान रहा।

### कीट क्लब मॉडलिंग शो में लोमश को तीसरा स्थान



**तखतपुर।** कीट क्लब कटघोरा की ओर से मॉडलिंग शो का आयोजन इशिका पार्क बिलासपुर में किया गया, जिसमें तखतपुर के 19 वर्षीय युवा लोमश साहू को मॉडलिंग में तीसरा स्थान मिला एवं आयोजकों की ओर से उन्हें स्मृति चिंह देकर पुरस्कृत किया गया। बिलासपुर के इशिका पार्क में आयोजित मॉडलिंग शो एक माह तक चला, जिसका फाइनल राउंड 14 जनवरी को हुआ। आयोजन में लगभग 100 प्रतिभागी शामिल हुए और फाइनल राउंड में पहुंचने वाले नेशनल राउंड के लिए क्वालिफाई हुए।

### सेवा दल व कंपनी गार्डन परिवार ने बच्चों को बांटे गर्म कपड़े



**पेंड्रा।** शासकीय प्राथमिक शाला ललाती में शनिवार को समाजसेवा की एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जब सेवा दल एवं कंपनी गार्डन परिवार के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय के बच्चों को स्वेटर, टोपी एवं मोजा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शीत ऋतु के दौरान बच्चों को ठंड से बचाव हेतु आवश्यक गर्म वस्तुएं उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने स्वयं बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर उनका उत्साह बढ़ाया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस पहल के लिए सेवा दल एवं कंपनी गार्डन परिवार के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सूर्यकांत चतुर्वेदी, सुनील ताम्रकार, अनिल खत्री, नरेश वाधवानी, सुनील राम रख्यानी, दिनेश मनवानी एवं वियान मनवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### कलेक्ट, एसपी ने किया गणतंत्र दिवस परेड स्थल का निरीक्षण



**मुंगेली।** जिले में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और वहां रंग रोगन, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, साफ–सफाई, फायर ब्रिगेड, विद्युत व ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एएसपी मयंक तिवारी, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा एवं सारिका मित्तल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

---

पारदर्शी व सुचारू रूप से धान खरीदी संचालित करने के निर्देश

# धान खरीदी प्रक्रिया में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्तः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली



धान खरीदी को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, सुचारू एवं शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन सभाकक्ष में धान खरीदी से जुड़े अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में धान खरीदी प्रभारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आरएईओ, जिला नोडल अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल वास्तविक किसानों का ही धान खरीदा जाए तथा कोचियों एवं बिचौलियों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं समिति प्रभारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि, सभी किसानों से धान खरीदी के दौरान रकबा समर्पण अनिवार्य रूप से कराया जाए तथा शासन के दिशा-निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि, धान परिवहन के लिए केवल सक्रिय जीपीएस युक्त वाहनों का ही उपयोग किया जाए, बंद या निष्क्रिय जीपीएस वाले वाहनों में धान भेजने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक किसान की धान खरीदी के समय गेट पास में किसान के साथ धान की फोटो अनिवार्य रूप से लेने के निर्देश दिए गए, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह जांच की जाए कि कितने किसानों का रकबा समर्पण हो चुका है और कितनों का शेष है। साथ ही समितियों से यह रिपोर्ट भी ली जाए कि कितने किसानों के टोकन कट चुके हैं। उन्होंने बड़े बिचौलियों के विरुद्ध विशेष निगरानी रखते हुए कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व, मिलर एवं समिति से संबंधित मामलों की संयुक्त जांच रिपोर्ट तैयार करने तथा आवश्यकता अनुसार मोटा धान का भौतिक सत्यापन करने को कहा। बैठक में अपर कलेक्टर जीएल यादव, पथरिया अनुभाग की अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रेखा चंद्रा, जिला खाद्य अधिकारी हुलेश कुमार डड़सेना, सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश श्रीवास, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, नोडल अधिकारी, राजस्व अधिकारी सहित धान खरीदी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि, धान खरीदी शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही जिले की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

### उपमुख्यमंत्री साव ने किया दिलीप की पुस्तक का विमोचन



**लोरमी।** मजगांव निवासी डॉ दिलीप सिंह राजपूत की साहित्य और समाज के अंतर्संबंधों को रेखांकित करती प्रथम कृति 'चित्रा मुद्गल के कथा साहित्य में सामाजिक चेतना' का विमोचन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण ने किया। विमोचन के अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, साहित्य न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह समाज की विसंगतियों को दूर करने और नई चेतना जागृत करने का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने डॉ दिलीप सिंह राजपूत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, इनकी लेखन शैली एवं विषय वस्तु की गहरी समझ ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। लेखक डॉ दिलीप सिंह राजपूत ने बताया कि इस पुस्तक में साहित्य अकादमी से सम्मानित चित्रा मुद्गल जी की कहानियों और उपन्यासों में निहित सामाजिक सरोकारों, स्त्री विमर्श, दलित चेतना और मध्यम वर्ग के संघर्षों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, उनके द्वारा पुस्तक का विमोचन होना गौरव की बात है। इससे अकादमिक जगत और साहित्य प्रेमियों को प्रेरणा मिलेगी।

## निषाद राज जयंती व बिलासा माता स्मृति पर कार्यक्रम



**मल्हार।** महाराज गुहा निषाद राज जयंती एवं बिलासा माता स्मृति दिवस के अवसर पर निषाद केवट समाज की ओर से श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निषाद केवट समाज ने महाराज गुहा निषाद राज एवं बिलासा माता को याद कर प्रेणादायक बातों को समाज के सामने रखी। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत मल्हार स्थित मां डिंडेश्वरी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद समाज के सैकड़ों लोगों ने विशाल बाइक रैली में भाग लिया। रैली मल्हार से प्रारंभ होकर मस्तूरी, भोथीडीह, दर्रीघाट, लाल खदान होते हुए बिलासा दाई की नगरी बिलासपुर पहुंची एवं बस स्टैंड तेलीपारा, शनिचरी क्षेत्र से होते हुए पचरी घाट पहुंची, जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान पचरी घाट में मछुआरा-केवट-निषाद समाज के लोग एकत्रित हुए और सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजन को ऐतिहासिक बनाया। रैली में शामिल करीब 200 बाइकों का जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। आयोजन में नपं मल्हार अध्यक्ष धनेश्वरी केवट, धनेश्वर केवट, रामहरी केवट, समाज के सचिव दिलीप कुमार, नीलेश केवट, अंगद केवट, पार्षद मिलू केवट, पार्षद गीता मनराखन, पार्षद सरोजिनी, कृष्ण कुमार, पार्षद विष्णु केवट, लखन केवट, नकुल केवट, अजय केवट, उमेश केवट, सोम प्रकाश केवट, दुखवा केवट, भारत केवट, रामनिवास केवट सहित नगर के युवा शामिल हुए।

## गर्ल्स कॉलेज में एड्स जागरूकता कार्यक्रम

**मुंगेली।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में एड्स जागरूकता कार्यक्रम के तहत पोस्टर, रंगोली एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़कर अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ प्राची सिंह एवं संयोजक राजेश कुमार घोसले सहायक प्राध्यापक रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अध्यापक मदनलाल कश्यप एवं संचालन से जितेन्द्र कुमार शर्मा ने की। वाद-विवाद में कुल 13, रंगोली में 20 एवं पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 17 प्रतिभागियों ने अपनी कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए हिस्सा लिया।पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने एड्स जैसी गंभीर बीमारी से बचने हेतु जागरूकता एवं समाज को सकारात्मक संदेश देने वाले पोस्टर बनाकर से निर्णायकों को प्रभावित किया। संयोजक राजेश कुमार घोसले ने कहा कि, विश्व एड्स दिवस 1988 के बाद से प्रत्येक वर्ष 1 दिसंबर से मनाया जा रहा है, जिसका मूल उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स महामारी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना एवं पीड़ित रोगियों के प्रति संवेदना की भावना को बढ़ावा देना है। डॉ शशांक शर्मा अतिथि व्याख्याता ने कहा कि विश्व एड्स दिवस 2025 की थीम व्यवधान पर विजय, एड्स प्रत्युत्तर में सुधार है। प्राचार्य डॉ प्राची सिंह ने कहा कि, एड्स जैसी गंभीर बीमारी का उद्भव हमारे भारत देश में न होकर, विदेशी संस्कृति के अमानवीय हस्तक्षेप के कारण हुआ है। अंत में सुरेंद्र कुमार तिग्गा ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि, एड्स और एचआईवी का अभी भी पूरी तरह से उन्मूलन किया जाना बाकी है। इस दिशा में हमें अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। इसी क्रम में प्रतियोगिताओं के परिणाम भी घोषित किए गए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पूनम जायसवाल, द्वितीय पूजा व पद्मिनी, पुष्पांजलि तृतीय रहीं। अनाइका तथा पोस्टर प्रतियोगिता प्रतियोगिता में प्रथम प्रतिभा राजपूत, द्वितीय मालिया साहू एवं तृतीय स्थान पर सभ्या डाहीरे व रंभा जोगीवंश रही।

## सीएमएचओ ने किया निजी अस्पतालों का निरीक्षण



**मुंगेली।** मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद ने नगर के आधा दर्जन निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिटी हॉस्पिटल संचालक के संस्था में पाई गई कमियों को पूर्ण करने में असफल रहे, जिसके कारण हास्पिटल आवेदन निरस्त किया गया है, लेकिन हास्पिटल खुला पाया गया।

इस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने हास्पिटल बंद रखने निर्देश दिए एवं खुला रखने पर सील करने की चेतावनी दी गई। राम डायग्नोस्टिक सेंटर के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संस्था में लैब एवं एक्स-रे का संचालन होना पाया, जबकि निरीक्षण में संस्था ने केवल लैब संचालित करने हेतु आवेदन किया था। इस पर संस्था प्रबंधक को एक्स–रे संचालन बंद करने निर्देश दिए गए। इसी क्रम में महिमा हॉस्पिटल, राम डायग्नोस्टिक सेंटर, सीटी हास्पिटल, गर्ग सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, एसबी हॉस्पिटल एवं सिद्धार्थ हास्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया। महिमा हास्पिटल मुंगेली में डॉ अल्का मिंज एवं डॉ त्रिलोकीनाथ महिंगलेश्वर उपस्थित थे। हास्पिटल के महिला, पुरुष वार्ड, आईसीयू ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। हास्पिटल के सामने पार्किंग व्यवस्था नहीं पाई गई। हास्पिटल में तीन एमबीबीएस चिकित्सकों की डिग्री नहीं पायी गई। आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत पंजीयन के लिए अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं निश्चेतना विशेषज्ञ की डिग्री पोर्टल में अपलोड की गई थी, परन्तु भौतिक निरीक्षण में डिग्री नहीं पाई गई।

## लोरमी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान




**लोरमी।** कलेक्टर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ गिरीश कुर्रे, खंड चिकित्सा अधिकारी लोरमी डॉ जीएस दाऊ व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रमिला दाऊ के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी ने 93.23 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

वर्ष 2024-25 में जिला मुंगेली के जिला चिकित्सालय मुंगेली, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी सहित 19 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 30 उप स्वास्थ्य केन्द्र 70 प्रतिशत या अधिक अंक हासिल कर कायाकल्प-स्वच्छ अस्पताल योजना में सर्टिफाइड हुए हैं। भारत सरकार की बनाई गई चेक लिस्ट के आधार पर चिकित्सालय का असेसमेंट किया जाता है। कायाकल्प का असेसमेंट चार चरणों में किया जाता है, जिसमें चिकित्सालय में तैनात हास्पिटल स्टाफ इंटरनल असेसमेंट निर्धारित चेक लिस्ट के आधार पर किया जाता है। जिसमें 70 प्रतिशत या अधिक अंक हासिल करने पर सहकर्मी मूल्यांकन किया जाता है। सहकर्मी मूल्यांकन में 70 प्रतिशत या अधिक अंक हासिल करने पर राज्य स्तरीय बाह्य मूल्यांकन दल के द्वारा अंतिम असेसमेंट किया जाता है। अंतिम बाह्य मूल्यांकन में 70 प्रतिशत या अधिक अंक हासिल करने पर कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना सर्टिफिकेशन प्राप्त होता है।

## डीईओ ने किया जिला ग्रंथालय का निरीक्षण



**मुंगेली।** जिला शिक्षा अधिकारी ने जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय जिला ग्रंथालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे ग्रंथालय के सदस्यों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में चर्चा करते हुए उनको आने वाले अलग–अलग विभागों में निकलने वाले पदों की जानकारी प्रदान की।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे सदस्यों ने उपलब्ध पुस्तकों द्वारा तैयारी में सहूलियत के संबंध में जानकारी प्रदान की। ग्रंथालय प्रभारी से उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए ग्रंथालय में पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण की सराहना की गई। इसके साथ ही ग्रंथालय के सदस्यों की संख्या को देखते हुए राज्य शासन से ग्रंथालय के ऊपर एक अतिरिक्त हाल निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश भी दिया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे के साथ पीएमश्री बीआर सावविद्यालय के प्राचार्य पीसी दिव्य एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाऊपारा के प्राचार्य आईपी यादव के साथ–साथ जिला ग्रंथालय मुंगेली के प्रभारी देवशंकर श्रीवास्तव और उनके स्टाफ उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग की 525 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

**मुंगेली।** स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष-महिला, लैब सहायक सहित कुल 525 पदों की सीधी भर्ती हेतु प्रक्रिया जारी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि, कोरोना महामारी के दौरान राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में नियुक्त 6 माह का कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इस हेतु अभ्यर्थियों को संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर 15 दिवस के भीतर अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। उन्होने बताया कि अभ्यर्थी उसी जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।

## सड़क पर उड़ती धूल परेशान लोगों ने सौंपा ज्ञापन



**तखतपुर।** इन दिनों पूरा तखतपुर नगर धूल के गुबार से परेशान है। उड़ती हुई धूल ने राहगीरों को तो परेशान कर ही रखा है, लेकिन इससे आसपास के दुकान संचालकों का जीना मुहाल हो गया है। एक तरफ आम जनता इस परेशानी का सामना कर रही है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी कुम्भकरण की नींद में सोए हुए हैं।

बार-बार ध्यान आकर्षित करने के बाद भी इस पर कोई सार्थक पहल नहीं की जा सकी, लिहाजा नगरवासी आंदोलन करने का रुख करने को मजबूर हो गए हैं। तखतपुर मुख्य मार्ग गौरव पथ पर अत्यधिक धूल उड़ने के कारण जनता परेशान है। रोड के किनारे डिवाइडर के अगल-बगल धूल जमा होने से बड़ी गाड़ियों के गुजरने से धूल का गुबार उमड़ पड़ता है जिससे राहगीर सहित पूरे नगर के लोग त्रस्त हैं। उड़ती हुई धूल दुकानों में घुस रही है, जिससे व्यापारी दुकान पर बैठ नहीं पा रहे हैं। साथ ही बच्चे स्कूल से आते-जाते वक्त धूल का शिकार हो रहे हैं। धूल के कारण वाहन चालक सामने का दृश्य देख नहीं पाते, जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। भाजपा पार्षद दल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन देकर धूल से निजात दिलाने का निवेदन किया है। भाजपा पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने कहा कि, तीन दिवस के भीतर नगर की धूल साफ नहीं हुई तो भाजपा पार्षद उग्र आंदोलन करेंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। पार्षद कैलाश देवांगन अंकित अग्रवाल ने कहा, नगर को साफ-सुथरा रखने के उपाय करने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है। भाजपा पार्षदों ने सुझाव देते हुए कहा कि, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपना काम करें और नगर के धूल को साफ करें। इस अवसर पर इस्लाम अंसारी, सुरेश देवांगन, सुनील आहूजा ने नाराजगी जताते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी से जल्द से जल्द धूल साफ करने की मांग की।

## सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन का धरना-प्रदर्शन

**पेंड्रा।** जीपीएम जिले में सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ने प्रांतीय आह्वान पर मोदी की गारंटी सहित अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में एलबी संवर्ग के शिक्षक उपस्थित रहे।

- टीईटी की अनिवार्यता एवं वीएसके ऐप का विरोध

इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार राठौर ने कहा कि, चुनाव पूर्व सरकार ने अपने घोषणा पत्र में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने एवं सभी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने का वादा किया था, लेकिन सरकार के दो वर्ष पूरे हो जाने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे प्रदेशभर के एलबी संवर्ग शिक्षकों में भारी असंतोष है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर अब टीईटी परीक्षा पास करने का दबाव बनाया जा रहा है, और असफल होने की स्थिति में पदोन्नति व नौकरी से वंचित करने की बातें की जा रही है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है।



धरना-प्रदर्शन में जिला महासचिव ओमप्रकाश सोनवानी, जिला सचिव अजय चौधरी, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष किरण रघुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष अमिताभ चटर्जी, कन्हैया सोनवानी, मोहनराम मिश्रा, सुपेत मरावी, संजय सोनी, राजेश चौधरी, राजकुमार पटेल, रत्नेश सोनी, भागीरथी कैवर्त, महेंद्र मिश्रा, यज्ञनारायण शर्मा, हेमंत राठौर, विनय प्रताप सिंह राठौर, छोटेलाल बनवासी, दीपचंद गुप्ता, धर्मेन्द्र कैवर्त, प्रह्लाद सिंह वाकरे, विजय साहू, संदीप दुबे, पारस सिंह प्रधान सहित जिले के सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए।

### ऑनलाइन उपस्थिति का भी विरोध

धरना-प्रदर्शन में वीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने का भी विरोध किया गया। शिक्षकों ने कहा कि, निजी मोबाइल में ऐप इंस्टॉल कर उपस्थिति लेना उनकी निजता के अधिकार का उल्लंघन है। मोबाइल बैंकिंग से जुड़े होने के कारण शिक्षकों की व्यक्तिगत जानकारी जोखिम में है। कई शिक्षकों को ऐप में पंजीयन के बाद साइबर ठगी के कॉल आ चुके हैं, और कुछ शिक्षक ठगी का शिकार भी हुए हैं। इसके अलावा मोबाइल खराब होने या चार्ज न होने की स्थिति में उपस्थिति दर्ज करने का कोई वैकल्पिक प्रावधान नहीं है।

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

धरने के पश्चात फेडरेशन की ओर से मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार शेषनारायण जायसवाल को ज्ञापन सौंपा गया। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि, यदि सरकार ने शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो संगठन अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष पहुंचे बुढ़ीखार विद्यालय



**मल्हार।** रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री प्रहलाद रजक गुरुवार को शासकीय उमा विद्यालय बुढ़ीखार पहुंचे, जहां स्कूल परिवार एवं बच्चों सहित शाला विकास समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। प्राचार्य काशीराम रजक एवं शाला विकास समिति के सदस्यों ने प्रहलाद रजक को हायर सेकेंडरी भवन निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया। इस पर प्रहलाद ने कहा कि, क्षेत्र के सबसे प्राचीन विद्यालय में शाला भवन निर्माण अत्यंत आवश्यक है। बुढ़ीखार सरपंच, शाला विकास समिति के सदस्यों की मांग पर उन्होंने शिक्षा मंत्री से फोन के माध्यम से बात कर विद्यालय में हायर सेकेंडरी भवन की संबंध में बनाने की आवश्यकता पर अवगत कराया। इस पर शिक्षा मंत्री ने नए प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही। इसके बाद उन्होंने इष्ट देव परघनिया बाबा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सरपंच डॉक्टर दीपक लहरे, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामकुमार साहू, सदस्य दीपक गुप्ता, भरत थवाईत, अनिल सिंह, बीरबल थवाइत, सभी पंच एवं शाला विकास समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# SAINIK SCHOOL
# AADHARSHILA VIDYA MANDIR

A DAY BOARDING CUM RESIDENTIAL SCHOOL, AFFILIATED TO CBSE-3330179, SCHOOL CODE: 15003

AFFILIATED TO SAINIK SCHOOL SOCIETY, NEW DELHI • MINISTRY OF DEFENCE, GOVT OF INDIA

**NO DUMMY TRUST REAL EDUCATION**

**ADMISSION OPEN 2026-27 FOR SIP CLASS IX TO XII**

## SIP
**SCHOOL INTEGRATED PROGRAM**

**SCHOOL + COACHING**

**IIT-JEE/NEET/NDA/CUET/CLAT/AISSEE**



### क्या है SIP:
कॉम्पिटिशन के दौर में स्कूल और कोचिंग को एक साथ तालमेल बनाकर पढ़ना बच्चों के लिए बड़ी समस्या है, इन्हीं समस्याओं को दूर करने के लिए आधारशिला लाएं हैं

### SIP के फायदे:
- 9वीं से बच्चों को कॉम्पिटिशन (प्रतियोगी परीक्षाओं) लेवल की शिक्षा।
- कक्षा 10वीं के बाद सही करियर दिशा चुनने में मदद।
- किसी ट्यूशन, कोचिंग, डमी एडमिशन या ड्रॉप लेने की आवश्यकता नहीं।
- छ.ग. व पूरे भारत के टॉप मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों में बच्चों का चयन।

### टॉपर्स की पहली पसंद SIP क्यों?
- डेली प्रैक्टिस प्रॉब्लम्स (DPP)
- रेगुलर टेस्ट्स
- वन-टू-वन डाउट सेशन
- मॉड्यूल्स
- देश की बेस्ट फैकल्टी

**Fully Residential School**



10 ACRES LUSH GREEN CAMPUS

### विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सुविधाएं:
- हॉस्टल फ़ैसिलिटी
- 360° लर्निंग
- लाइब्रेरी
- प्ले ग्राउंड
- 24/7 सिक्योरिटी
- सीसीटीवी सर्विलांस
- साइंटिफ़िकली डिज़ाइन्ड
- करिकुलम
- पैरेंट-टीचर एंगेजमेंट
- ट्रांसपोर्ट फ़ैसिलिटी

BEHIND GOVT. ENGINEERING COLLEGE, RAMTALA ROAD, KONI BILASPUR (C.G.)

9329149641, 9329149647, 9329149648

# 28 Years of Global Experience, Expertise, Glory and Success in Bilaspur

## Director Message

## एरीना एनीमेशन बिलासपुर

### जहां 1998 से सपने करियर में बदलते हैं

नमस्कार,

आज के डिजिटल और क्रिएटिव युग में शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों को ऐसा व्यावहारिक और रचनात्मक कौशल देना है, जिससे वे भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी सशक्त पहचान बना सकें। एरीना एनीमेशन बिलासपुर इसी उद्देश्य के साथ वर्ष 1998 में बिलासपुर से प्रारंभ हुआ और बीते 28 वर्षों में क्रिएटिव एवं डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय, प्रतिष्ठित और परिणामोन्मुख संस्थान के रूप में स्थापित हुआ है।इन वर्षों में एरीना एनीमेशन बिलासपुर ने निरंतर उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं और हजारों छात्रों को सफल करियर की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया है। आज हमारे संस्थान से प्रशिक्षित विद्यार्थी ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, यूके, यूएई सहित अनेक देशों में कार्यरत हैं। वहीं भारत में भी हमारे छात्र फिल्म, ओटीटी प्लेटफॉर्म, एनिमेशन और VFX स्टूडियो, गेमिंग कंपनियों, डिजिटल एजेंसियों और मीडिया हाउस जैसी देश–विदेश की प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि एरीना बिलासपुर के छात्र वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं।एरीना एनीमेशन बिलासपुर की सफलता का मूल आधार है –उत्कृष्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक लैब्स, इंडस्ट्री-स्टैंडर्ड सॉफ्टवेयर और अनुभवी अकादमिक टीम।हमारे साथ जुड़े शिक्षाविद और प्रशिक्षक अपने-अपने क्षेत्र के अनुभवी प्रोफेशनल हैं, जो छात्रों को केवल सॉफ्टवेयर का ज्ञान ही नहीं, बल्कि इंडस्ट्री का वास्तविक अनुभव, प्रोफेशनल एटीट्यूड और आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं।हम केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहते, बल्कि छात्रों को इंडस्ट्री-रेडी प्रोफेशनल बनाने पर विशेष ध्यान देते हैं। पोर्टफोलियो डेवलपमेंट, लाइव प्रोजेक्ट्स, इंटरव्यू प्रिपरेशन, करियर काउंसलिंग और कमिटेड जॉब प्लेसमेंट सपोर्ट के माध्यम से छात्रों को रोजगार के लिए पूरी तरह तैयार किया जाता है। यही कारण है कि हमारे छात्रों को इंडस्ट्री में बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं समय की बदलती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, इस वर्ष 12वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए डिग्री प्रोग्राम्स भी प्रारंभ किए गए हैं, जिससे विद्यार्थी अब एक ही संस्थान में स्किल आधारित प्रोफेशनल ट्रेनिंग के साथ मान्यता प्राप्त डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।



**संदीप गुप्ता**
निदेशक-एरीना एनीमेशन बिलासपुर

**EXPLORE PROGRAMS IN :** Animation | Visual Effects Gaming VFX Film Making | Broadcast | Digital | Graphics & Web Design | Augmented Reality & Virtual Reality

**PROGRAMS :-**

• Animation Prime • VFX Prime • Broadcast Prime • GWDD • Mobile Game Design • VFX Film Making • Trinity 3D • Digital Marketing Professional • Digital Advertising Design & Marketing

**MULTIPLE JOB PROFILES :-**

• Concept Artist • Pre-production Designer (Animation) • Pre-production Artist (Games) • Character Designer • 3D Asset Artist • 3D Character Animator • Character FX Artist • CG Lighting & Rendering Artist • FX/Environment Artist • 3D Game Artist • Material/Substance Artist • Game Environment Artist • 3D Match Moving Artist • Rotomation Artist • Compositors and many more...

**TOP COMPANIES HIRING ARENA STUDENTS**

• Amazon • Technicolor • MPC • Double Negative • Prime Focus • Maya Digital Studios • Makuta Visual Effects • BYJU'S • Xentrix Studios • Red Chillies • Green Gold Animation • DQ Entertainment • Prana Studios • Trace VFX • L&T • Prismart Productions • Biorev Studios • SuperDNA • Transpixel Studios • Sparrow Interactive • Lakshya Digital • Assemblage Entertainment • 88 Pictures • Resonance Digital Golden Robot • Exigent3D • Innovative Animation • Rockstar • Adnet Global • HERE Teechnologies • Firefly Creative Studio • Cimpress V Vistaprint • GeoShot Technologies



## Calling all Creative Aspirants

**Join Today for Best Jobs and Careers all Across the World**

## Learn with the Leader

Come to Us... Get Skilled Get Dual Certification.... University Diploma and International Certificate with Job Placement Assistance.

LOAN FACILITY | PLACEMENT ASSISTANCE | Enhanced with Onlinevarsity

**Get Skilled, Get Qualified Become #AtmaNirbhar**

ARENA ANIMATION®
LEARN FROM THE LEADER
www.arena-multimedia.com

Our Associations :- MEDIA & ENTERTAINMENT SKILLS COUNCIL | Arifa India

PINNACLE DESIGN ARENA

*Exclusive Courses in*

• Diploma in Fashion Designing. • Diploma in Interior Designing.
• Join Dual Certication Program from Pinnacle.

**Kashi Chambers, CMD Chowk, Bilaspur, (C.G.) Phone : 07752-491500, 8818800890, 8819000890**

# व्यक्तित्व निर्माण में अच्छी शिक्षा की भूमिका अहम

शिक्षा न केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम है, बल्कि यह एक सशक्त माध्यम है जो व्यक्ति को एक जिम्मेदार, संवेदनशील और अच्छा नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन करता है। छात्रों को उनकी जिम्मेदारियों को समझाना आवश्यक है ताकि वे समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझ सकें। समय प्रबंधन का गुण उनमें अनुशासन और दक्षता का विकास करता है, जो किसी भी जीवन क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ खेल, संगीत, नृत्य जैसी गतिविधियों में भागीदारी छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ाती है। हमें उन्हें न केवल मौलिक अधिकार, बल्कि मौलिक कर्तव्यों की जानकारी भी देनी चाहिए, जिससे वे संतुलित नागरिक बन सकें। तकनीक का सही उपयोग उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाता है, वहीं इसके दुरुपयोग से बचाना भी उतना ही जरूरी है। संचार कौशल छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। संवादहीनता से गलतफहमियाँ और असफलताएं जन्म लेती हैं, जबकि स्पष्ट और आत्मविश्वासपूर्ण संप्रेषण उन्हें हर क्षेत्र में आगे ले जाता है।

शिक्षा को यदि गतिविधि-आधारित और आनंददायक बनाया जाए तो बच्चों की सीखने की रुचि कई गुना बढ़ जाती है। योग और ध्यान उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं। ई-लर्निंग के माध्यम से वैश्विक ज्ञान तक पहुँच आज एक सशक्त अवसर है। करियर और जीवन के लक्ष्य का स्पष्ट दृष्टिकोण छात्रों को लक्ष्य निर्धारण और आत्मविश्लेषण सिखाता है। गुरु-शिष्य संबंध जीवन के हर मोड़ पर मार्गदर्शन का आधार बनता है। जीवन में असफलताओं से निपटना सिखाकर हम उन्हें हद, सहनशील और सकारात्मक नागरिक बना सकते हैं।

# स्कूल का चुनाव करते समय जरूर रखें इन बातों का ख्याल

स्कूल बदलने से माता-पिता व छात्रों को काफी सोच विचार करना पड़ता है। कौनसा स्कूल पढ़ाई, वातावरण, सुविधाओं और **Extracurricular** में सर्वश्रेष्ठ है इसका अनुमान यहाँ बताएं गयें पैरामीटर्स से लगाया जा सकता है। यहाँ पढ़िये और जानिए की किन-किन चीजों से हम सहीं स्कूल का चयन कर सकते हैं। स्कूल बदलने की कई कारण हो सकते हैं। जिसमें स्कूल की पढ़ाई, वातावरण, सुविधाएं, एवं शिक्षक के पढ़ाने का तरीका जैसे कारण होते हैं। अधिकतर छात्र 9वीं कक्षा के बाद स्कूल बदलते हैं ताकि उन्हें 10वी व 12वीं कक्षा की पढ़ाई में परेशानी न हों। लेकिन स्कूस बदलने से पहले छात्रों और उनके माता-पिता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूल का चयन करने से पहले अगर यहाँ बताई गयी बातों का खयाल रखा जाये तो छात्रों और उनके माता-पिता स्कूल चुनने में काफी आसानी होगी।

**स्कूल का चयन करने के लिए किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए:-**

**टाइम और डिस्टेंस:-** सबसे पहले हमे यह देखना चाहिए की घर से स्कूल की दूरी कितनी हैं ताकि छात्रों को घर से स्कूल आने-जाने में परेशानी न हो और उनका समय भी ख़राब ना हो। अगर छात्रों के आने-जाने में समय की ज्यादा लम्बी होगी तो उनका पढ़ाई का समय खराब होगा और स्ट्रेस भी बढ़ेगा जिससे उन्हें पूरी तरह से परेशानी होगी। इसलिए स्कूल का चयन करने में दूरी और समय का खासतौर से खयाल रखा जाना चाहिए।

**स्टूडेंट्स की सुरक्षा:-** माता-पिता अपने बच्चों की सुरक्षा को सबसे पहली प्राथमिकता देते हैं हालांकि स्कूलों में छात्रों को किसी भी तरीके का नुक्सान होना लगभग असंभव हैं लेकिन जब कभी स्कूल में छात्रों के साथ होने वाली ख़राब खबरें आती है तो अभिभावक चिंतित हो जाते है। उन्हें भी अपने बच्ची की सुरक्षा के बारे में सोंच कर तनाव हो जाता हैं। ऐसे में माता-पिता के लिए यह जरुरी है कि वे अपने बच्चों के लिए हर तरह से सुरक्षित स्कूल चुने जैसे की स्कूल मैं कैमरा होना, अंजान लोगों का स्कूल में आना असंभव हो और सिर्फ इतना ही नहीं बच्चों की सेहत, बीमारियों का संक्रमण ना हो ऐसा ध्यान रखा जाये।

**स्कूल और बोर्ड की जानकारी:-** इस बात का पूरा खयाल रखा जाये की स्कूल राज्य या राष्ट्रीय एजुकेशन बोर्ड से संभधित व मान्यता प्राप्त होना चाहिए। जो स्कूल बोर्ड ऑफ़ एजुकेशन से मान्यता प्राप्त होते है उनकी करिकुलम बाकी सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों से मिलता हैं। अगर पिछला स्कूल सीबीएसई से मान्यता प्राप्त था तो स्कूल बदलने पर ऐसा ही स्कूल चुने जिसे सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हैं ताकि छात्रों को करिकुलम बदलने से पढ़ाई में दिक्कत न आए।

**स्कूल कोर करिकुलम:-** एजुकेशन बोर्ड के **Curriculum** के अलावा स्कूल अपना खुदका **Curriculum** होता है जिसे वह अपने तरीके से बच्चो को सिखाते हैं। तो स्कूल चुनने से पहले यह देख लिया जाये की स्कूल का रोजाना का टाईमटेबल किस तरह का हैं और स्कूल में छात्रों को अनुशासन, इंटरपर्सनल स्किल्स, और भाषाओं का उपयोग करना जैसी चीजों का कैसा ख़याल रखा जाता हैं।

**स्कूल की व्यवस्था:-** बच्चे अपने दिन सबसे अधिक समय स्कूल में बिताते हैं इसीलिए स्कूल में छात्रों के लिए एजुकेशन, मनोरंजन, व **Extracurricular** के लिए कैसी व्यवस्था हैं इस बात पर पूरा ध्यान देना चाहिए स्कूल में कंप्यूटर लैब लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, प्लेग्राउंड, स्विमिंग पूल, इंडोर गेम्स, और बेसिक सुविधाएं जैसे वाशरूम/टॉयलेट, पानी व मेडिकल रूम होना चाहिए।

**छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की उपलब्धता:-** बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि हर क्लास में कितने बच्चें है और उनके लिए कितनें शिक्षकों का इंतजाम हैं। क्लास में ज्यादा छात्र होंगे तो टीचर्स हर एक स्टूडेंट पर ठीक से ध्यान नहीं दे

C.B.S.E. AFFILIATED 3330504

THE NEW INDIA HR. SEC. SCHOOL

Be A Good Human Being    Read Lead Succeed




Nursery to Class IX & XI (Science, Commerce)

Attributes
- Individualized and intensive support for slow learners.
- Digital class room with Learning app.
- Excursions & weekly competitions

Teachers
- Experience & Qualified dedicated and inspiring teacher.
- Opportunity for Co-curricular activities.
- A school that does not require coaching.

Other Facility
- Campus & Classroom
- Life Skills Development (Personal/Physical/Moral & Emotional).
- Parents and Teachers monitoring through schools mobile App.

School Focus
- A Curriculum for Happiness and Gratitude.
- Developing children minds and sotting new standards.
- Periodical parenting and counseling session

Transport Facility
Computer Lab
Smart Class
QR Code for Registration Query

Gurukul Campus, Ganiyari, Distt. Bilaspur 9329918651, 52

email: thenewindiahrsecschool@gmail.com

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित वातावरण के साथ विद्यालय बना मिसाल

**शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। विद्यालय में जिज्ञासा-आधारित शिक्षण पद्धति, कला एवं विज्ञान का समन्वय तथा व्यावहारिक कौशलों पर विशेष जोर देकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।**

विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद, पर्यावरण संरक्षण एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी विशेष महत्व दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित हो सके। विद्यालय की संस्कृति टीमवर्क, अभिभावकों की सहभागिता, विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रतिभा के पोषण एवं उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने पर केंद्रित है।

अनुभवी एवं उच्च योग्य शिक्षकों की टीम निरंतर प्रशिक्षण एवं पेशेवर विकास के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बना रही है।



छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे एवं प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था की गई है। साथ ही, स्वस्थ शिक्षण वातावरण के लिए उचित वेंटिलेशन, खुलने योग्य खिड़कियाँ, प्राकृतिक प्रकाश तथा मौसम के अनुसार पंखे एवं एयर कंडीशनिंग की सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।

विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि सुरक्षित, स्वच्छ और प्रेरणादायक वातावरण में दी गई शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है।






NiceTec COMPUTER EDUCATION Since 1992®

# GEET: फाइनल ईयर और ग्रैजुएट्स के लिए 80 घंटे का नि:शुल्क प्रोग्राम

## GEET – Graduate Employability Enhancement Training (Infosys के सहयोग से)

**Infosys Certification | Industry Training | Placement Assistance**

**आज के समय में सिर्फ डिग्री होना काफ़ी नहीं है। ज़रूरत है Industry-ready skills और real job opportunities की। इसी उद्देश्य से NiceTec लेकर आया है GEET – एक ऐसा प्रोग्राम जो छात्रों को डिग्री से जॉब तक का रास्ता दिखाता है।**



**रविन्द्र प्रताप सिंह**
**चेयरमेन**

### चेयरमेन का संदेश

*आज के समय में ज़्यादातर छात्र सिर्फ़ डिग्री के पीछे भाग रहे हैं, लेकिन असली चुनौती होती है प्लेसमेंट की तैयारी। इसी कमी को समझते हुए NiceTec Computer Education द्वारा विद्यार्थियों के लिए 80 घंटे का पूर्णतः निःशुल्क GEET Training Program शुरू किया गया है।यह प्रशिक्षण न केवल छात्रों की पर्सनैलिटी और स्किल्स को मजबूत करता है, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री के लिए भी तैयार करता है। इतना ही नहीं, आने वाले समय में आयोजित होने वाले BNI Bilaspur Trade & Industry Fair 2026 में इस प्रशिक्षण से जुड़े विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे।*

***हमारा उद्देश्य सिर्फ़ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों को रोज़गार के योग्य बनाना है।***

**प्रोग्राम की मुख्य विशेषताएँ:**
- 22 दिनों का FREE Training Program (कुल 80 घंटे)
- GEET–Infosys Certificate
- Placement Assistance & Job Opportunities
- Career gap fill करने में सहायक
- FREE Kit – T-Shirt, Copy, Book, Pen, (Infosys logo के साथ)
- बाहर से आने वाले Industry Expert Trainers द्वारा प्रशिक्षण

**हमारा लक्ष्य:**
छत्तीसगढ़ में 1000 छात्रों को FREE training देना और कम से कम 60% छात्रों को जॉब प्लेसमेंट दिलाना।

**Key Topics Covered / मुख्य विषय:**
- Mock Interviews (Live practice rounds)
- Interview Preparation Techniques
- Power BI & MS Excel Practicals
- Logical Reasoning & Aptitude
- Communication & Employability Skills

**CraftEdge Academy: इंडस्ट्री-रेडी IT स्किल्स**
CraftEdge Academy, पूर्व IBM और HR इंडस्ट्री लीडर्स द्वारा स्थापित प्रीमियम ट्रेनिंग संस्थान है। यहाँ Technical IT Support, Digital Marketing, JavaScript, Python, Front-End Development और Data Science जैसे कोर्सेस में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाती है। ये एडवांस स्किल्स छात्रों को कॉर्पोरेट हायरिंग के लिए तैयार करती हैं।

**NIIT यूनिवर्सिटी के सहयोग से Banking Jobs**
NIIT यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर हम HDFC Bank और Axis Bank में छात्रों को सीधे बैंकिंग नौकरियों के अवसर प्रदान कर रहे हैं। यह विशेष रूप से B.Com, BA और Non-IT ग्रैजुएट्स के लिए एक शानदार करियर मौका है।

**Selection Process / चयन प्रक्रिया:**
- Application Form भरना
- Aadhar Card, 10th, 12th & College
- Marksheet Submit करना

**Eligibility / पात्रता:**
- 2021, 2022, 2023, 2024 & 2025 Pass-out Graduates
- ITI Candidates भी Eligible हैं
- Final Year Students भी Apply कर सकते हैं

**GEET Program – नि:शुल्क करियर ट्रेनिंग**
GEET (Graduate Employability Enhancement Training) Program एक 100% FREE करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम है, जिसे Learnet Skills एवं Infosys Foundation (Infosys) के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। पहले यह कार्यक्रम केवल Graduates के लिए था, अब Final Year (Appearing) के छात्र-छात्राएँ भी इसमें आवेदन कर सकते हैं।

**इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आप सीखेंगे:**
- इंग्लिश स्पीकिंग एवं प्रभावी कम्युनिकेशन
- इंटरव्यू की पूरी तैयारी
- लॉजिकल रीजनिंग
- डिजिटल स्किल्स
- पर्सनैलिटी डेवलपमेंट

**खुशखबरी!**
इस प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा करने पर आपको मिलेंगे 2 प्रतिष्ठित सर्टिफिकेट:
- Infosys Foundation की ओर से प्रमाणपत्र
- Artificial Intelligence Training Program (AVPN) का प्रमाणपत्र

**कोर्स पूरी तरह नि:शुल्क है**
किसी भी प्रकार की फीस नहीं ली जाएगी।यह आपके करियर को नई दिशा देने का एक बेहतरीन अवसर है।

**रजिस्ट्रेशन के लिए:** QR Code स्कैन करें या दिए गए लिंक पर https://forms.gle/5xAhvWos669HEr3p7 क्लिक करके फॉर्म भरें।

**Is Golden Opportunity ko Miss Mat karo!**



रजिस्ट्रेशन के लिए QR Code स्कैन

*आज ही रजिस्ट्रेशन करें और अपने करियर को मजबूत बनाएं।*

Call for more Information
9300966633, 9131230541

Idgah Chowk, Bilaspur

@NICETEC GROUP @Nicetec_Groups

# LCIT PUBLIC SCHOOL

## NURSERY TO XII

Affiliated to CBSE



Near High Court, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)

9516606123

## ADMISSIONS OPEN

- Artificial Intelligence (AI) for Classes VI onwards
- Subjects for Class XI

- HUMANITIES
- COMMERCE
- BIOLOGY
- MATHEMATICS

## LCIT Blooming Buds

**Play Group To Class - III**

**TRANSPORT FACILITY AVAILABLE**

## NO ADMISSION FEES

- Air Cooled Classrooms
- Transport Facility
- Separate Hostels for Girls & Boys

Vaishali Nagar, Phase - II, Srikant Verma Marg, Bilaspur (C.G.) 495001

9516167123



ALL SPORTS & GAMES



SEPARATE HOSTELS FOR GIRLS & BOYS



TRANSPORT FACILITY



AIR COOLED CLASSROOMS

lcitps.edu.in | lcitpublicschool | LCIT PUBLIC SCHOOL